संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
नई दिल्ली, गुरूवार, 15 फरवरी 2024 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 45 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 45 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदि महोत्सव ने जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दर्शाई : अर्जुन मुंडा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय जनजातीय मामले, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने यहां पर चल रहे आदि महोत्सव के हिस्से के रूप में जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मीट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने जमीनी स्तर पर आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। इस मौके पर जनजातीय मामले के सचिव सचिव विभु नायर ने बी2बी सत्र के महत्व पर जोर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय उद्यमियों के बीच आर्थिक विकास, सहयोग और सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली कार्यशालाओं और पैनल चचाओं में ब्रांडिंग रणनीतियों, पैकेजिंग नवाचारों, फंडिंग पहुंच और बाजार पहचान सहित उद्यमशीलता की सफलता के लिए आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) योजना के तहत एक सहयोगी ढांचे की स्थापना करते हुए भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइ-फेड) और कॉर्पोरेट पावरहाउस आईटीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन राज्यों में जहां हल्दी की खेती प्रचलित है,से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान और आजीविका में सुधार किया जा सके। बी2बी मीट में आकर्षक चर्चाओं और नेटवर्किंग के अवसरों में 16 निगमों, 4 स्टार्टअप, 3 उद्योग परिसंघों, 1 खाद्य श्रृंखला रेस्तरां, 8 एसआईए व एसएनडी और 5 जैविक खाद्य डीलरों की सक्रिय भागीदारी देखी गई जो सीधे आदिवासी कारीगरों से जुड़े हुए थे। इन बातचीत का उद्देश्य उत्पादन क्षमताओं और खरीद संभावनाओं में जनजातीय उत्पादों के लिए घरेलू और वैश्विक बाजारों को व्यापक बनाना है। इस कार्यक्रम में 90 विक्रेताओं ने नेटवर्किंग प्रतिभागियों के माध्यम से पंजीकरण कराया। जिसमें मेटा प्रतिनिधियों ने व्यापार विस्तार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का लाभ उठाने पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डिजिटल एकीकरण और बाजार पहुंच के उद्देश्य से 20 विक्रेताओं को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) नेटवर्क पर सफलतापूर्वक शामिल किया गया। 250 जनजातीय उद्यमियों के स्टालों वाली जीवंत प्रदर्शनी ने पारंपरिक शिल्प कौशल को समकालीन नवाचार के साथ मिश्रित करते हुए उत्पादों की विविध श्रृंखला से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### आदर्श विचार



"सत्य कभी दावा नहीं करता कि मैं सत्य हूं।"
भागवद्

### मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# किसानों की पुलिस से झड़प

## केंद्र सरकार के साथ आज किसान नेताओं की बैठक, शंभू-जींद बॉर्डर पर टकराव, पथराव... बैरिकेड तोड़े

**आज होगी वार्ता**

8 ट्रैक्टर ट्रॉलियों में टेंट व राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**

**एमएसपी** गारंटी कानून और कर्जमाफी समेत 12 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे पंजाब के किसानों ने सरकार से वार्ता विफल होने के बाद दिल्ली के लिए कूच किया। पंजाब के विभिन्न इलाकों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों में टेंट व राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया। सील किए गए पटियाला के शंभू और जींद के दातासिंह वाला बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की बीच कई बार टकराव हुआ। पथराव कर रहे और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश कर रहे किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन और रबड़ की गोलियां चलाईं। जींद में लाठियां बरसाई गईं।



### शंभू बॉर्डरः पूरा दिन हुआ टकराव

**शंभू** बॉर्डर पर सुबह 10.30 बजे से किसान जमा होने लगे थे। करीब 11 बजे किसानों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जो पंजाब सीमा में 300 मीटर अंदर तक गिराए गए। सुरक्षाबलों ने ड्रोन से खेतों और घग्गर किनारे जमा किसानों की भीड़ पर भी आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से शाम छह बजे के बीच किसानों और सुरक्षाबलों में कई बार टकराव हुआ। शंभू बॉर्डर पर 10 हजार किसान पहुंचे हैं। आंसू गैस की वजह से मची भगदड़ में कुछ किसान घायल भी हुए हैं और कुछ की हालत बिगड़ गई।

### हरियाणा को सरकार ने कश्मीर घाटी बना दिया : पंधेर

**किसान** मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवन सिंह पंधेर ने सीमाओं पर बैरिकेडिंग करने की निंदा की। कहा कि ऐसा नहीं लगता कि पंजाब और हरियाणा दो राज्य हैं। ऐसा लगता है कि उनकी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। हरियाणा को कश्मीर घाटी में बदल दिया गया है। हम सरकार के साथ किसी भी टकराव में शामिल नहीं होंगे। सरकार हम पर गोलियां चला सकती है या लाठीचार्ज कर सकती है।

पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान भी हमारे भाई हैं। हमारा मार्च शांतिपूर्ण होगा। पुलिस ने हरियाणा के किसान नेताओं के घर पर दबिश दी और करीब एक दर्जन किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया।

# यूएईः हिंदू मंदिर का पीएम ने किया उद्घाटन

## बीएपीएस मंदिर में संतों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की

**टीम एक्शन इंडिया/अबू धाबी**

**यूएई के** अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने मंदिर की दीवारों पर की गई नक्काशी को करीब से देखा। अबू धाबी में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर में संतों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की। अबू धाबी में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था मंदिर में पूजा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरती की। मंदिर अबू धाबी में 'अल वाकबा' नाम की जगह पर 20,000 वर्ग मीटर की जमीन पर बना है। हाइवे से सटा अल वाकबा अबू धाबी से तकरीबन 30 मिनट की दूरी पर है। बता दें भारतीय दूतावास के आंकड़ों के मुताबिक, यूएई में तकरीबन 26 लाख भारतीय रहते हैं, जो वहां की आबादी का लगभग 30% हिस्सा है। मंदिर में नक्काशी के माध्यम से प्रामाणिक प्राचीन कला और वास्तुकला को पुनर्जीवित किया गया है। मंदिर प्रबंधन के एक प्रवक्ता अशोक कोटेचा ने बताया कि मास्टर प्लान के डिजाइन को 2020 की शुरूआत में पूरा किया गया था। ऐतिहासिक मंदिर का काम समुदाय के समर्थन, भारत और यूएई के नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है।



### पीएम मोदी ने यूएई के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की। मोदी ने मकतूम को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तेजी से बढ़ते आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर संतोष व्यक्त किया और विशेष रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

# यासिन को फांसी की सजा पर मई में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई कोर्ट** ने हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को फांसी की सजा पर सुनवाई टाल दी। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर अगली सुनवाई मई में करने का आदेश दिया। दरअसल, इस मामले की सुनवाई करने वाली बेंच आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं थी, जिसकी वजह से सुनवाई टली है। हाई कोर्ट ने एनआईए की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 मई, 2023 को यासिन मलिक को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यासिन मलिक के ऊपर लगे आरोपों को सही पाया था। उन्होंने कहा था कि यह अजीब है कि कोई भी देश की अखंडता को तोड़ने की कोशिश करे और बाद में कहे कि मैं अपनी गलती मानता हूं और ट्रायल का सामना न करे। यह कानूनी रूप से सही नहीं है। एनआईए के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि मलिक ने कश्मीर के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। पटियाला हाउस कोर्ट ने 25 मई, 2022 को हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने यासिन मलिक पर यूएपीए की धारा 17 के तहत उम्रकैद और दस लाख रुपये का जुर्माना, धारा 18 के तहत दस साल की कैद और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 20 के तहत दस वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये का जुमार्ना, धारा 38 और 39 के तहत पांच साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। कोर्ट ने यासिन मलिक पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत दस वर्ष की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 121ए के तहत दस साल की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।



# 'एमएसपी को कानूनी गारंटी दिलाएगी कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस प्रवक्ता** पवन खेड़ा ने कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के नाम पर मोदी सरकार ने सिर्फ किसानों को छला है। खेड़ा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की 201 सिफारिशें थी, जिसमें से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार 175 सिफारिशें लागू कर चुकी थी। उसमें 26 सिफारिशें बची थीं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से जुड़ी घोषणा थी। इसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूरा करने की घोषणा की है। खेड़ा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था। इसे वह पूरा नहीं कर रहे हैं। एमएसपी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल हुआ। उसमें प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि हम इस तरह की एमएसपी नहीं दे सकते, जिसमें इनपुट कॉस्ट इतनी ज्यादा हो। ऐसे में प्रधानमंत्री ने न सिर्फ अपना वादा तोड़ा बल्कि किसानों के रास्ते पर कील बिछवाकर और उन्हें उपद्रवी कहने से भी नहीं चूके।



जब पिछली बार किसान 'तीन काले कानून' को लेकर धरना दे रहे थे, तब प्रधानमंत्री ने उनसे माफी मांगते हुए कहा था, "मैं तीनों कानून वापस लेता हूं। एमएसपी की समस्या का समाधान निकालने के लिए जल्द ही एक कमेटी बनेगी।"

# पीएम मोदी ने दजेबेल अली में भारत मार्ट का वर्चुअल शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि भारत मार्ट जेबेल अली पोर्ट की रणनीतिक स्थिति और लॉजिस्टिक्स में ताकत का लाभ उठाकर भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार को और आगे बढ़ाएगा।

**उल्लेख** अभिभाषण में राज्यपाल ने सुक्खू सरकार की एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा का बजट हुआ शुरू

**बजट सत्र**

8 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र से आरंभ हो गया। 29 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र में 13 बैठकें होंगी। अभिभाषण में राज्यपाल ने सुक्खू सरकार की एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। अभिभाषण पर सदन में दो दिन चर्चा होगी। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 फ रवरी को आगामी माली साल 2024-25 का बजट प्रस्तुत करेंगे। अभिभाषण में हिमाचल को वर्ष 2026 तक हरित राज्य बनाने और 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना पर फ ोकस रहा। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि उनकी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का एक साल सफलता पूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल को हरित राज्य बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को परिवहन के लिए पहली पसंद बनाने के वास्ते व्यापक स्तर पर काम शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश में छह ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क स्थापित करने के लिए 106 सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम शुरू की है।






# किसानों को रोकने के लिए सात लेयर की सुरक्षा

शंभू-जींद बॉर्डर पर टकराव, पथराव... बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने बरसाईं लाठियां; आंसू गैस के गोले भी दागे





**सुरक्षा**

8 टीकरी बॉर्डर को भी पूरी तरह से सील कर दिया गया है। साथ ही बॉर्डर के पास की गलियों को भी बंद किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**किसानों को** आने से रोकने के लिए टिकरी बॉर्डर पर सात लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसमें रेत से भरे कंटेनर, जर्सी बेरियर, कंटीली तार, लोहे के बैरिकेड, बड़े ट्रक व क्रेन लगाकर सीमेंट की दीवारें बनाई गईं हैं। बॉर्डर को पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस कर दिया गया है। मंगलवार शाम को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने टिकरी बॉर्डर के सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेकर दिशा-निर्देश दिए। वहीं, सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने दोपहर से बॉर्डर के मुख्य मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद कर दी। बहादुरगढ़ से आने वाले मुख्य मार्ग पर बैरिकेड लगाकर ऊपर कंटीले तार लगाए गए हैं, ताकि जिससे कोई बैरिकेड पर न चढ़ सके। इसके बाद जर्सी बैरियर लगाए गए हैं। इनके बीच की जगहों को इस तरह से बनाया गया है, जिसमें आरएएफ के जवान तैनात रहेंगे। इसके बाद मिट्टी से भरे कंटेनर लगाए गए हैं। साथ ही, सोलह पहिए वाले ट्रक, क्रेन और बस खड़ी की गई है। मेट्रो के पिलर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन की मदद से आंसू गैस के गोले छोड़ने की व्यवस्था की गई है। जिला पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने टीकरी मेट्रो स्टेशन के पास राजमार्ग को जोड़ने वाली आसपास की सड़कों और गांवों के सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं को भी बंद कर दिया है। हालाँकि, ग्रीन लाइन पर मेट्रो सेवाएं जारी हैं।

## आंदोलन से सब्जियों की कीमतों में लगेगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**किसान आंदोलन** के कारण सब्जियों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए यूपी गेट सहित सभी मुख्य मार्गों पर बाड़ेबंदी कर दी गई है, जिससे दिल्ली आने-जाने में



परेशानी हो गई है। इसका सीधा असर सब्जियों की सप्लाई और इसकी कीमतों पर पड़ सकता है। पिछली बार भी किसान आंदोलन के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी।

सब्जी विक्रेता विनोद कुमार ने बताया कि वे गाजीपुर सब्जी मंडी से सब्जियां लेकर पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बेचते हैं। अब तक गाजीपुर से बाजार तक सब्जी ले जाने के लिए दो सौ से तीन सौ रुपये के बीच ऑटो मिल जाते थे, लेकिन आज की स्थिति देखते हुए उन्हें पांच सौ रुपये देने पड़ रहे हैं।

**मेट्रो से आवाजाही की अनुमति:** हमने एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं और जो लोग दिल्ली की ओर पैदल जा रहे हैं, उन्हें मेट्रो लेने की अनुमति दे दी है। हमारे पास पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था है।

**बहादुरगढ़ आने-जाने वाले रास्ते बंद:** टीकरी बॉर्डर पर अर्धसैनिक बल की तीन महिला कंपनियों समेत भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

### नरेला की छोटी बडी सड़कों को पुलिस की ओर से सील कर दिया गया

**एनएच** 44 पर फ्लाईओवर के उपर से दोनों तरह दिल्ली आने और जाने के लिए दो-दो लेन की सड़क ट्रैफिक के लिए खुली है। इससे हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल और जम्मू से आने वाले लोग इसी रास्ते का इस्तेमाल कर दिल्ली आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए सिंघु बॉर्डर से लगे नरेला की छोटी बडी सड़कों को पुलिस की ओर से सील कर दिया गया है। पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर इस वक्त करीब पांच से छह फीट ऊंची सीमेंट और कंक्रीट के डिवाइडर लगाए हैं। इसके अलावा दो से तीन फीट के डिवाइडर वाले पत्थर भी रखे हैं। इनके उपर से कांटेदार तार भी लगाए हैं। इसके बाद लोहे के बैरिकेड्स और उसके बाद सड़क को खोदकर करीब 10 से 15 फीट उंचे लोहे के कंटेनर खड़े कर दिए हैं। इनके बाद लोहे के बैरिकेड्स और उसके बाद सड़क खोदकर करीब 10 से 15 फीट उंचे लोहे कंटेनर और ट्रक को रिजर्व में रखा गया है। न सिर्फ सिंघु बॉर्डर पर हैवी व्हीकल्स को डायवर्ट कर दिया ह।

## ईडी ने छठी बार केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया



**समन**

8 ईडी ने उन्हें 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले भी ईडी पांच समन भेज चुकी है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले भी ईडी पांच समन भेज चुकी है, जिसे मुख्यमंत्री ने नजरअंदाज कर दिया था। ईडी ने 2 फरवरी, 17 जनवरी, तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर को केजरीवाल को समन भेजा था, लेकिन दिल्ली सीएम पेश नहीं हुए थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिए जवाब में पूछा कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नहीं हैं, तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। ईडी ने पेश न होने पर कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को समन भेजा है।जिसमें उन्हें 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का पालन नहीं करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सीएम को पांच समन भेजे लेकिन केजरीवाल पेश नहीं हुए। जिसके बाद जांच एजेंसी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। ईडी द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के अनुपालन में गैर-उपस्थिति के लिए शिकायत मामला दर्ज किया गया है, जो समन, दस्तावेजों के उत्पादन आदि के संबंध में ईडी की शक्तियों को निर्धारित करता है। इससे पहले राउज एवन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पेश हुए थे।

# एलजी और मुख्यमंत्री ने 350 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने 350 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद दिल्ली ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होता है। दरअसल दिल्ली में वर्ष 2025 तक 8,000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। इन बसों के बेड़े में शामिल होने के बाद दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या कुल 1,650 हो गई है। बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले केजरीवाल, एलजी और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत व अन्य अधिकारियों ने इलेक्ट्रिक बसों का निरीक्षण किया। इन इलेक्ट्रिक बसों को परिवहन विभाग पहली बार कलेक्टर स्कीम



के अंतर्गत चलाएगा। स्क्रीन इलेक्ट्रिक बसों को जेबीएम ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट में पहली बार मेगा वॉट चार्जिंग सॉल्यूशन के आधार पर बनाया है। बसों में सबसे पहले दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों ने सफर किया और उनमें काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान 350 में से 12 इलेक्ट्रिक बस महिला चालकों द्वारा चलाई गई, जिससे उनमें काफी उत्साह दिखा। निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री ने महिला बस चालकों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि वह अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से ध्वनि और वायु प्रदूषण नहीं होगा। साथ ही ये बसें सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, जीपीएम, टू वे कम्यूनिकेशन आदि तकनीकों से लैस है। इतना ही नहीं, बस में डिजिटल स्क्रीन भी लगाई गई है।

## दिल्ली में मोहल्ला बसें चलाने की तैयारी, अगले 20 दिनों में संचालन होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार के परिवहन** मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि अगले 15 से 20 दिन में दिल्ली में मोहल्ला बसों को उतारा जाएगा। यह इलेक्ट्रिक बसें 9 मीटर की होंगी जो गलियों में आसानी से गुजर सकेंगी। इससे लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले दिल्ली सरकार के इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े में बुधवार को 350 और इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया गया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में विभिन्न कॉलोनियां ऐसी हैं जहां पर बसें नहीं जा पाती है। लोगों को कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। अभी जो दिल्ली में बसें चल रही हैं ये 12 मीटर की हैं, जो मोहल्ला बसें अगले 15 से 20 दिन में दिल्ली में उतारी जाएंगी। वह 9 मीटर की होंगी। इससे बसें आसानी से गलियों में घूम सकेंगी। इन बसों में भी महिलाओं और ट्रांसजेंडर के लिए सफर फ्री होगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि 1300 इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़क पर पहले से चल रही थी। वर्ष 2022 से अब तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कर 47000 टन कार्बन उत्सर्जन होने से रोका गया। दिल्ली के इतिहास में पहली बार सबसे अधिक 7582 बसें चल रही हैं। आज जो 350 इलेक्ट्रिक बसों को सड़क पर उतर गया है इनमें से 300 बसों को दिल्ली के क्लस्टर योजना के तहत चलाया जाएगा।

# पजल गेम्स से बच्चों का दिमाग होगा तेज, खेल-खेल में सीखेंगे गणित-विज्ञान

**पुस्तक मेला**

8 नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए तरह-तरह के शैक्षणिक खिलौने आए हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बच्चे अब** खेल-खेल में गणित-विज्ञान और घड़ी देखना सीखेंगे और रंगों की पहचान कर पाएंगे। पजल गेम्स के जरिये इनका दिमाग तेज होगा। फिर न ही ये मोबाइल के पीछे भागेंगे और फिर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के कारण बीमार पड़ेंगे। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए तरह-तरह के शैक्षणिक खिलौने आए हैं। त्रिकोण, गोला और वर्ग की पहचान करने के लिए लकड़ी के खिलौने, ट्रिक पजल, फिशिंग रॉड के जरिये संख्या ज्ञान, अलग-अलग आकृतियों के इस्तेमाल से घर बनाने की कला सीखने के लिए लकड़ी से बने खिलौने हैं। बच्चे किसी टास्क को पूरा करने की कला भी खेल से सीखेंगे।

घड़ी के टुकड़ों को जोड़कर इसका आकार बनाना और फिर घड़ी देखना सीखना, रेनवो कलर की पहचान करने के लिए 2000 से ज्यादा शैक्षणिक खिलौने एक जगह पर मौजूद हैं। किताबों के कवर से लेकर अंदर के पन्नों तक को तरह-तरह के क्रिएटिव कॉन्सेप्ट में तैयार किया है।

# किसानों के प्रदर्शन के बीच दिल्ली मेट्रो ने तोड़ा अपना ही एक रिकॉर्ड

एक दिन में सर्वाधिक यात्रियों के यात्रा करने से नया रिकॉर्ड बना



**रिकॉर्डतोड़**

8 दिल्ली की सड़कों पर दिनभर जाम जैसे हालात रहे। माना जा रहा है कि इससे बचने के लिए लोगों ने मेट्रो को उपयोग किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली मेट्रो** में मंगलवार यानी 13 फरवरी, 2024 को एक दिन में सर्वाधिक यात्रियों के यात्रा करने से नया रिकॉर्ड बन गया। 13 फरवरी को 71.09 लाख यात्रियों ने मेट्रो में यात्रा की। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की ओर से बताया गया कि इस रिकॉर्ड के साथ ही सितंबर 2023 में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। कल किसानों के प्रदर्शन के चलते दिल्ली की सड़कों पर दिनभर जाम जैसे हालात रहे। माना जा रहा है कि इससे बचने के लिए लोगों ने दिल्ली मेट्रो को भरपूर उपयोग किया। डीएमआरसी ने इस नए रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी को अपने एक्स अकाउंट पर भी साझा किया है। जिसमें यात्रा के लिए मेट्रो चुनने पर लोगों का धन्यवाद भी किया है। बता दें कि इस साल (2024) की पहली जनवरी को दिल्ली मेट्रो में रिकॉर्ड 67 लाख लोगों ने यात्रा की थी। यह पिछले छह वर्षों में नए साल के दिन यात्रियों की सबसे अधिक संख्या थी। मंगलवार को 71.09 लाख यात्रियों के साथ इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

वहीं इससे पहले के आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी 2023 को 49.16 लाख लोगों ने मेट्रो में यात्रा की थी। जबकि वर्ष 2022 में 23.66 लाख, 2020 में 55.26 लाख और 2019 में 50.16 लाख यात्रियों ने सफर किया। छह वर्षों में सबसे कम 18.07 लाख यात्रियों ने पहली जनवरी 2021 को सफर किया था। तब कोविड-19 लॉकडाउन के बाद पहला नए साल का जश्न था।
इसी तरह पिछले साल 31 दिसंबर को 48.46 लाख लोगों ने मेट्रो का लाभ उठाया था। पिछले छह में से नए साल की पूर्व संध्या पर सवारियों की संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2019 को 55.29 लाख दर्ज किया गया था।

# परीक्षा देने आए छात्र ने लगाई फांसी, कान में ईयरफोन लगा मिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बिहार के** गोपालगंज में दिल्ली से परीक्षा देने अपने गांव आए हाई स्कूल के एक छात्र ने सोमवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। यह घटना जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के वृंदावन मौजे गांव की है।
जानकारी के मुताबिक, वृंदावन मौजे गांव के मुना बैठा का बेटा विक्की कुमार (17) अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में रहता था। जहां से वह हाई स्कूल की परीक्षा देने के लिए रविवार के दिन ही दिल्ली से अपने घर आया था।



मैट्रिक की परीक्षा देने को लेकर सोमवार को वह अपने गांव के स्कूल में प्रवेश पत्र लेने के लिए गया था। जहां स्कूल के प्रधानाध्यापक से मुलाकात नहीं होने से उसको प्रवेश पत्र नहीं मिल सका। स्कूल में उपस्थित शिक्षकों ने उसे अगले दिन फिर विद्यालय आने को कहा। उसके बाद वह अपने घर लौट गया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान मंगलवार की देर रात दो मंजिले पर स्थित बंद कमरे में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक के स्वजन दिल्ली में ही थे। जबकि गांव स्थित घर पर

**जांच जारी**

8 मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया

उसके दादा-दादी, और चाचा का परिवार ही मौजूद थे। देर सुबह तक विक्की के कमरे के बाहर नहीं निकलने पर चचेरी बहन ने ऊपर के कमरे के दरवाजे के बाहर से आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई हरकत न होने पर दरवाजे के छेद से झांकने पर विक्की का शव फंदे से लटका दिखा। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे अपर थानाध्यक्ष शमशाद रजा और चेक पोस्ट प्रभारी स्वीटी कुमारी की मौजूदगी में फंदे से लटके शव को उतारा गया। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। चेकपोस्ट प्रभारी ने बताया कि मृतक के कान में मोबाइल का ईयरफोन लगा पाया गया है। जबकि मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया। मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। मोबाइल फोन खुलने पर कॉल डीटेल्स के आधार पर घटना के कारणों का पता चल सकेगा। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रही है।

## सुपरटेक कंपनी के मालिक आरके अरोड़ा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुपरटेक कंपनी के मालिक आरके अरोड़ा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने आज आरके अरोड़ा को स्वास्थ्य के आधार पर 30 दिनों की अंतरिम जमानत के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका का निस्तारण कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि मेडिकल आधार पर अरोड़ा को मिली 30 दिन की अंतरिम जमानत 15 फरवरी को खत्म हो रही है।

## अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजेगी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस ने** पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक से अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है।
मध्य प्रदेश से अशोक सिंह और तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को उम्मीदवार घोषित किया है।

# मेटाबॉलिक सिंड्रोम: सेब के आकार में बढ़ रहा पेट तो दिल पर पड़ेगा वेट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अनियमित जीवन शैली ने मोटापे के** स्वरूप में बड़ा बदलाव किया है। इससे मेटाबॉलिक सिंड्रोम के मरीज बढ़े हैं। कम ही उम्र में पेट सेब का आकार ले रहा है। विशेषज्ञों की माने तो यह एक खतरनाक स्थिति है। पिछले 10 साल से देश ऐसे मामले ज्यादा बढ़े हैं। भारतीयों में यह सामान्य कारण के तौर पर उभरा है। आने वाले दिनों में मोटापा एक महामारी का रूप ले सकता है। इसके कारण दिल समेत दूसरी बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। सेब के आकार का मोटापा में शरीर का ऊपरी हिस्सा पतला होता है, जबकि कमर के निचले हिस्से पर मोटापा दिखने लगता है। ऐसे मरीजों में रक्तचाप, खून में वसा, मधुमेह, कमर का आकार, हाईडेंसिटी लेपोप्रोटीन का




स्तर असामान्य हो जाता है। लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करना दिल पर बोझ बढ़ा देता है, जिससे अचानक दिल का दौरा आने की आशंका रहती है।
डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कॉडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार ने कहा कि हर चौथा मरीज सेब के आकार का मोटापा का रोगी मिल रहा है। ऐसे मरीजों में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज होने की आशंका रहती है। मरीज में कमर का आकार, ट्राइग्लिसराइड्स, हाई-डेंसिटी लेपोप्रोटीन, रक्तचाप और शुगर में से यदि तीन भी अनियमित पाई जाती है तो ऐसे रोगी को विशेष ध्यान रखने को कहा जाता है। साथ ही इन्हें स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम करें, अच्छा भोजन करने को कहा जाता है।

**ध्यान दें**

8 90 सेमी से ज्यादा न होने पाए कमर, कमर का आकार, हाईडेंसिटी लेपोप्रोटीन का स्तर असामान्य हो जाता है

**बचाव के लिए यह करें**
- नियमित व्यायाम
- स्वस्थ भोजन
- संतुलित जीवनशैली
- सक्रिय लाइफ स्टाइल

महावारी के बाद महिलाओं में खतरा दोगुना 40-45 साल की उम्र के बाद महिलाओं में महावारी बंद होने पर (10 साल बाद) दिल का रोग होने का खतरा दोगुना हो जाता है। ऐसी उम्र की महिलाओं को विशेष तौर पर ध्यान रखने की जरूरत होती है। जांच के दौरान देखा गया है कि महिलाएं काफी लापरवाही बरतती है, जिस कारण इसमें मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने की आशंका तेजी से बढ़ रही है। महावारी बंद होने के 10 साल बाद महिलाओं में दिल के रोग होने की संख्या बढ़ रही है।

1. कमर का आकार

| पुरुष | महिला |
|---|---|
| 90 सेंटीमीटर | 80 सेंटीमीटर |

2. ट्राइग्लिसराइड्स (रक्त में वसा) 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर
3. हाई-डेंसिटी लेपोप्रोटीन

## संपादकीय

# किसान आंदोलन की चुनौती का पेंच फंसा?

**वैश्विक स्तर**पर दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा का ग्राफ वर्तमान समय में जिस तेजी से ऊंचा उठ रहा है,जिस तरह भारत विश्व का जनबंधु होकर उभर रहा है और अपने लक्ष्य 2047 विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है,यह देखकर दुनियां हैरान है। उसी भारत में चुनावीमहापर्व मुहाने पर खड़ा है। यानें संभावित अप्रैल 2024 माह से चुनाव शुरू हो सकता है जिसकी अधिसूचना शायद मार्च की शुरूआत में निकाल सकती है।परंतु जैसे कि अनेक मुद्दों को देखते हुए किसी खास पार्टी की जीत पक्की मानी जा रही है और अबकी बार 50 पर्सेंट वोटिंग शेयर पार सहित 400 पार का नारा दिया जा रहा है, उसमें पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है। यदि तुरंत इससे सुलझाया नहीं गया तो 50 पर्सेंट वोटिंग शेयर सहित 400 पर्सेंट पार लक्ष्य पर ग्रहण लग सकता है, क्योंकि पंजाब हरियाणा साहित कुछ राज्यों की लोकसभा सीटों पर सीधा असर पड़ सकता है दक्षिण से तो वैसे भी बेहद कम उम्मीद है और केवल उत्तर के भरोसे 50 पर्सेंट वोट शेयरिंग और 400 पार मुमकिन नहीं लगता। एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि किसान 72 करोड़ से अधिक हैं यदि ऐसा है तो विपक्ष के जबरदस्त टेके से हो सकता है गेम पलट जाए क्योंकि यह राजनीति है, कुछ स्थाई नहीं होता कुछ भी हो सकता है, जैसे बिहार की पलटी 13 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के पूर्व सीएम की पलटी को रेखांकित करना जरूरी है। चूंकि 13 फरवरी 2024 को हमने किसान आंदोलन को टीवी चैनल के माध्यम से जबरदस्त रार के रूप में देखें जिससे 400 पार का लक्ष्य या तार तार हो सकता है इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन को सुलझाए बिना लक्ष्य 50पर्सेंट वोट शेयर और 40 पार पर संकट को रेखांकित करना होगा। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन की करें तो, लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज पार्टी अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और पीएम 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि यदि यह मामला नहीं सुलझा, तो पार्टी को इससे नुकसान हो सकता है। तीन-तीन बड़े केंद्रीय मंत्री जिस तरह इस मामले को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, उससे भी यह समझ आ रहा है कि पार्टी को भी इससे नुकसान होने की आशंका है। लेकिन बड़ा प्रश्न यही है कि यदि किसानों का आंदोलन पहली बार की तरह ज्यादा आक्रामक हुआ तो इससे भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है? राजनीति के कुछ लोगों का मानना है कि अपनी खोई सियासी जमीन दोबारा हासिल करने के लिए अकाली दल पंजाब के किसान संगठनों को पैसा और संसाधन देकर इस आंदोलन को हवा दे रही है। यानी किसानों की आड़ में राजनीति ज्यादा हो रही है और किसानों का हित करने का इरादा कम है। इधर, उधर अध्यक्ष ने भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में एलान कर दिया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, तो किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी।

# कितनी व्यावहारिक है एमएसपी कानून की मांग?

आशीष वशिष्ठ

> "स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा। वहीं यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक पर उतर सकते हैं"

**दो साल** बाद किसान फिर से सड़कों पर हैं। किसानों की मुख्य मांग सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। किसान सरकार से एमएसपी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। अभी एमएसपी को कानूनी दर्जा हासिल नहीं है। इसका मतलब है कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह किसानों को एमएसपी का फायदा देगी या नहीं। तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुई वार्ता में बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के गारंटी कानून पर है। सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता? कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ ही कमर्शियल फसलों पर एमएसपी लागू करता है। वर्तमान में देश के किसानों से खरीदी जाने वाली 23 फसलों पर एमएसपी लागू की गई है। केंद्र सरकार फसलों पर एमएसपी दर लागू करती है और राज्य सरकारों के पास भी एमएसपी लागू करने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था। यह हर साल रबी और खरीफ फसलों के लिए



एमएसपी तय करती है। पहली बार 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। सीएसीपी के द्वारा की जाने वाली सिफारिशों के आधार पर ही सरकार हर साल 23 फसलों के लिए एमएसपी का ऐलान करती है। पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि एमएसपी भारत के कृषि कार्यों का अभिन्न अंग है। हालांकि, यह सच्चाई से कोसों दूर है, वित्त वर्ष 2020 के लिए कुल एमएसपी खरीद रु. 2.5 लाख करोड़, यानी कुल कृषि उपज का 6.25 प्रतिशत थी और एमएसपी के तहत उपज का लगभग 25 प्रतिशत थी। असल में गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है। अब, यदि एमएसपी गारंटी कानून लाया जाता है, तो सरकार की नजर अतिरिक्त व्यय पर भी होगी जो सालाना यानी हर साल कम से कम 10 लाख करोड़ का होगा। इसे दूसरी तरह से देखा जाए तो यह लगभग उस व्यय जोकि 11.11 लाख करोड़ रुपये के बराबर है जो इस सरकार ने हाल के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के लिए अलग रखा है। 10 लाख करोड़ पिछले सात वित्तीय वर्षों में हमारे बुनियादी ढांचे पर किए गए वार्षिक औसत व्यय से भी अधिक है। साफ है कि एमएसपी कानून की मांग का कोई आर्थिक या राजकोषीय मतलब नहीं है, और यह सरकार के खिलाफ एक राजनीति से प्रेरित तर्क है। हालांकि, भले ही, तर्क के लिए, कोई यह मान ले कि 10 लाख करोड़ की लागत सरकार द्वारा वहन की जा सकती है तो फिर पैसा कहां से आएगा? क्या हम एक नागरिक के रूप में, बुनियादी ढांचे और रक्षा में सरकारी खर्च होने वाले सरकारी खर्च की भारी कटौती को कम करने के लिए तैयार हैं? या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से अधिक कराधान के विचार से सहमत हैं? लोकसभा चुनाव अब बमुश्किल दो महीने दूर है। लिहाजा सियासी तड़का भी लग रहा है। देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने गारंटी कार्ड खेल दिया है- सत्ता में आए तो सबसे सबसे एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कानून लाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को किसान आंदोलन में सियासी लाभ का मौका दिख रहा तो मोदी सरकार बातचीत के जरिए किसानों को मनाने और बात न बनने पर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। किसान संगठनों की अपनी मांगें हैं लेकिन आंदोलन की टाइमिंग सवाल खड़े कर रही।

चुनाव से पहले ही आंदोलन क्यों? क्या टाइमिंग की वजह से आंदोलन से सियासत की बू नहीं आ रही? वैसे जब भीड़तंत्र के आगे सरकारें सरेंडर करने लगेंगी तो आंदोलन के नाम पर अराजकता से सत्ता को झुकाने की कोशिशें तो होंगी ही। दो साल पहले का किसान आंदोलन देशवासी भूले नहीं हैं। देश की राजधानी को आंदोलन के नाम पर तकरीबन एक साल तक बंधक बनाकर रखा गया। हत्या, रेप, हिंसा...किसान आंदोलन के दौरान क्या-क्या नहीं हुआ। आंदोलन के नाम पर अराजकता का नंगा नाच दिखा। निस्संदेह, किसी भी संगठन को आंदोलन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि आंदोलन हिंसक रूप न ले और आंदोलन योजनाबद्ध ढंग से तार्किक परिणति तक पहुंचे। किसानों के रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिवहन व्यवस्था सुधारने के बाबत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। निस्संदेह, किसानों को अपनी जायज मांगें रखनी चाहिए, वहीं सरकार को भी किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार दिखाना चाहिए। वहीं किसानों को भी आने वाले समय में खेती में आने वाली चुनौतियों को भी नजर में रखना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग, भूजल संकट और अन्य खामियों को दूर करने समेत दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिये प्रयास तेज करने चाहिए। सरकार की दलील रही है कि इतने बड़े देश में हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाना व्यावहारिक न होगा और उसका अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हम स्वीकारें कि आज खेती घाटे का सौदा बन गई है। खेती तो क्या, किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती।

स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा। वहीं यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक पर उतर सकते हैं।

## कविता

धूप है बहुत चलने का वादा तो करो।

धूप है बहुत चलने का वादा तो करो।
भीड़ है निकल आने का इरादा तो करो।।

सो जाऊंगा गहरी नींद पल दो पल।
सपनो में आने का,दावा तो करो।।

जमाना ऐसा ही है,ऐसा ही रहेगा।
थोड़ा मुस्कुराने में इजाफा तो करो।।

मजबूर नहीं करते,साथ चलने को।
पायल छनकाने का वादा तो करो।।

बेरंग,बेनूर जिंदगी क्यों जिए हम।
प्यार के रंगों का इजाफा तो करो।

'संजीव' हवाओं पर लिखते है,नाम।
न भूल पानें का झूठा इरादा तो करो।।

संजीव
---------

## कृष्ण और वसंत

गिरीश्वर मिश्र

**श्रीकृष्ण** भाव पुरुष हैं। परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभवगम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में वसंत घोषित करते हैं : ऋतूनाम् कुसुमाकरः । श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक भी प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ। वे धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है वहीं काम की उपस्थिति है जैसे-यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि । आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है । एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने ने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्यम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी ।

फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था। वर्षपर्यंत की भारतीय काल-यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी वसंत भी शुरू होता है। वसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृति कुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती-संवरती है। महाकवि कालिदास के शब्दों में इस ऋतु में सब कुछ प्रिय हो उठता है : सर्वं प्रिये चारुतर वसंते (ऋतु संहार, 6,2 )।

## विचार

# डबल इंजन की सरकार : यहां भी है वहाँ भी

निर्मल रानी

**विगत दस वर्षों** से भारतीय राजनीति में कई 'नवगढ़ित' शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है 'डबल इंजन की सरकार '। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि 'डबल इंजन की सरकार ' बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह 'ट्रिपल इंजन की सरकार ' की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीं मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक़्क़ी के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि -'मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है'। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि 'मैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा ? ' जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे।

गोया नरेंद्र मोदी के अनुसार गुजरात ने उनके कार्यकाल में ही विकास की अभूतपूर्व इबारत लिखी। सवाल यह कि जब राज्य में उस समय डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो गुजरात का विकास बिना केंद्र सरकार के सहयोग के कैसे संभव हुआ ? दिल्ली व पंजाब सहित उड़ीसा,दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर के कई राज्य इस समय भी गैर भाजपाई सरकारें चला रहे हैं। क्या वहां विकास नहीं हो पा रहा ? और इस बात की भी क्या गारंटी है कि डबल इंजन की सरकार ही विकास कर सकती है ? यदि वे मध्य प्रदेश की सरकार को देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुये यह कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार ही विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन सकती है' तो उन्हें मणिपुर का भी उदाहरण जरूर देना चाहिये जहाँ डबल इंजन की भाजपा सरकार के रहते हुए ही वह सब कुछ हुआ जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक किसी भी राज्य में नहीं हुआ। शायद छोटा व दूरस्थ पहाड़ी राज्य होने के नाते मणिपुर की हिंसा पर न ही प्रधानमंत्री ने कोई बयान दिया न ही राज्य के मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र दिया ? वहां तो राज्य के भाजपाई मंत्रियों विधायकों संसद व अन्य भाजपा नेताओं के घरों तक को आग लगा दी गयी ? उस समय डबल इंजन की सरकार ने मूकदर्शक बने रहने के सिवा और कौन सा तीर मार दिया ?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बातें वेलेंटाइन की

डॉ. सुरेश कुमार

**उनका** नाम चिंतामणि है। हमेशा चिंता करते रहते हैं। उनकी चिंता के चलते उनका गंजा सिर मणि समान चमकता रहता है। यही कारण है कि उनका नाम चिंतामणि हो गया। वे आजकल देर शाम बैठकें आयोजित कर रहे हैं। या यूँ कहें कि बैठकों के नाम पर अपने पर्सनल अजेंडे को पूरा करने का काम कर रहे हैं। एक दिन बैठक समाप्त करने के बाद वे मेरे पास आए और बोले, देखते नहीं वेलेंटाइन आ रहा है और तुम हो कि बैठक से गायब रहते हो। विरोध करने के लिए आज मैंने चिंतन शिविर का आयोजन किया था। उसी का यह तीसरा दिन है। मैंने कहा, इसमें विरोध करने जैसी क्या बात है? लड़का-लड़की प्यार नहीं करेंगे तो आप और हम करेंगे। वैसे भी आप तो सदा लोगों के साथ रहने वाले मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वेलेंटाइन के विरोध से आपका क्या लेना-देना? वे बोले, तुम तो रहने ही दो। तुम्हारी कोई लड़की तो है नहीं। इसीलिए निश्चिंत हैं। ये नादानी वाली बातें करना छोड़ दें। आज चिंतन शिविर में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि देश की संस्कृति इस वेलेंटाइन की वजह से भ्रष्ट हो रही है। युवा गलत दिशा में जा रहा है। कुल मिला कर विरोध नहीं किया तो परिणाम गलत होना है। मैंने कहा, चिंतामणि जी, वैसे आपकी भी तो कोई बेटी है नहीं। फिर काहे का मुफ्त का चंदन घिस मेरे नंदन की तर्ज पर मुझे लपेटे जा रहे हैं। वेलेंटाइन में लड़का-लड़की को देखकर इतना भड़क क्यों जाते हैं आप? साल के बाकी दिन भी तो लड़के-लड़कियाँ मिलते हैं। तब तो कोई दिक्कत नहीं होती आपको? चिंतामणि जी का माथा ठनका बोले, मुझे लगा था आप नियमित रूप से पत्र-पत्रिकाओं में लिखते रहते हैं, समझ भी अच्छी खासी होगी। लेकिन आप तो निरा मूरख निकले। अरे भई युवाओं के पास तो मजे मारने और मिलने-जुलने के 365 दिन हैं लेकिन हमें अपने स्वार्थ साधने के लिए जो चंद दिन मिलते हैं वेलेंटाइन उनमें से एक महत्वपूर्ण अवसर है। विरोध जितना तीखा होगा, उसके लाभ उतने ही ज्यादा होंगे। आज के चिंतन शिविर में मैंने कुछ स्थानों का चिह्नांकन करवाया है। उदाहरण के लिए लैला-मजनूँ उद्यान, खाओ-पिओ मौज उड़ाओ रेस्त्रां, लूटो मॉल, कामायनी सिनेमागृह, बियाबान, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, दिलशाद गार्डन और मधुशाला बीयरबार सभी जगह अपने लोगों की तैनाती करवाना है। सोचा था आप कुछ काम आयेंगे। लेकिन आप तो फिसड्डी निकले।

# वैश्विक नेतृत्व की जिजीविषा पैदा करेंकुर्सीलाल और

संजीव

हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष हो चुके हैं । हम स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहे हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी। कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगा' समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे। हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विश्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा।

स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पुलवामा के शहीदों की याद में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिनवाणी** विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी व पुलवामा के शहीदों की याद में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मैडम नीलम गक्खड.ने की, जिसमें ग्रीन मैन के नाम से प्रसिद्ध दलजीत कुमार सहायक प्रोफेसर ,देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत ने औषधीय पौधे लगा कर स्कूल में नैनो- हर्बल गार्डन स्थापित किया।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज बसन्त पंचमी व पुलवामा के शहीदों के याद में जिनवाणी स्कूल में सुखशांति, स्टीविया, कपूर, हींग, अश्वगन्धा, इलायची, लेमनग्रास, इन्सुलिन, कपूर तुलसी, केदार तुलसी, स्टीविया तुलसी, बद्री तुलसी, रामा व शामा तुलसी सहित दो दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए। दलजीत कुमार ने कहा कि पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है।इस मौके पर स्कूल के मैनेजर संजीव जैन ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। प्रिंसिपल नीलम गक्खड़ ने कहा कि पेड़ पौधे जीवन का आधार है हम सब को अधिक से अधिक पौधे लगाकर इनका संरक्षक करना चाहिए ये शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्कूल के मैनेजर संजीव जैन, सह प्रबंधक दिनेश जैन, कैशियर राजेश जैन व प्रिंसिपल नीलम गक्खड़ ने दलजीत कुमार सहायक प्रोफेसर को सम्मानित कर धन्यवाद किया।इस मौके एडवोकेट मेहुल जैन, एडवोकेट राजकुमार, संदीप कल्याणी सहित विधार्थी व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### सेकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक) अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की फाईनल कट लिस्ट जारी

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की सैकेण्डरी/ सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2024 के सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की फाईनल कट लिस्ट 10 फरवरी से लाईव कर दी गई हैं। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2024 के लिए अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की फाईनल कट लिस्ट विद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर 10 फरवरी से अपलोड कर दी गई हैं। विद्यालय मुखिया, विद्यालयों को जारी किए गए लॉगिन आई0डी0 व पासवर्ड से डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की कट लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे नाम, पिता का नाम, माता का नाम, फोटो, हस्ताक्षर, लिंग (जेंडर), जन्म तिथि, आधार नम्बर, विषय, जाति इत्यादि में कोई अशुद्धि है तो वे 15 फरवरी, 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन शुद्धि कर सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि विद्यालय द्वारा किसी परीक्षार्थी के विषय/विषयों में शुद्धि करवाई जानी है तो 300 रुपए प्रति विषय शुद्धि शुल्क सहित ऑनलाइन शुद्धि करवा सकते हैं। यदि परीक्षार्थी पहले लिए गए विषयों के स्थान पर प्रायोगिक विषय लेता है तो उस अवस्था में प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क 100 रुपए देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई परीक्षार्थी छठा विषय लेना चाहता है, तो प्रति परीक्षार्थी 200 रुपए अतिरिक्त विषय शुल्क के साथ-साथ 1000 रुपए विलम्ब शुल्क भी देय होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि उपरान्त किसी प्रकार के प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यालय स्वयं जिम्मेवार होगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिन अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों का परीक्षा शुल्क लम्बित है, ऐसे विद्यालय 15 फरवरी, 2024 तक बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर लम्बित शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करें।

# मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना से एक करोड़ रुपए जीतने का मौका : अनीश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत सरकार ने नागरिकों को एक करोड़ की राशि के इनाम के साथ कई अन्य ईनाम जीतने का अवसर दिया है। उपभोक्ता हर खरीद पर जीएसटी बिल जरूर लें और आकर्षक इनाम जीतने का अवसर प्राप्त करें। इस संदर्भ में वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना चलाई गई है, जिसके चलते नागरिक खरीदारी के समय लिए गए बिल को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करते हुए योजना का लाभ उठा सकते हैं।

डीसी अनीश यादव ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार की ओर से प्रति माह लक्की ड्रा निकाला जाएगा और नागरिकों का चयन किया जाएगा। ये वे नागरिक होंगे जो हर महीने अपना जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड करेंगे।



उन्होंने बताया कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा जीएसटी बिल में बढ़ोतरी करना भी सरकार का उद्देश्य है। टैक्स चोरी पर नकेल कसने में यह योजना काफी कारगर साबित होगी। इसके अलावा इस योजना के जरिये सरकार की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि मेरा बिल-मेरा अधिकार एप पर अपना जीएसटी बिल अपलोड करना होगा। इसके अलावा वह ऑन लाईन मेराबिलडॉटजीएसटीडॉटगोवडॉटइनप ोटल पर जाकर जीएसटी बिल अपलोड कर सकते है।

उन्होंने बताया कि लक्की ड्रॉ के लिए विचार किए जाने वाले इनवॉइस का न्यूनतम मूल्य 200 रुपये रखा गया है। बिल इनवॉइस आईओएस और एंड्रॉयड पर उपलब्ध मोबाइल एप्लिकेशन 'मेरा बिल मेरा अधिकारइ के साथ-साथ वेब भी अपलोड किए जा सकते हैं। लकी ड्रॉ के लिए विचार किए जाने के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा एक महीने में अधिकतम 25 इनवॉयस ऐप/वेब पोर्टल पर अपलोड किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अपलोड किए गए प्रत्येक इनवॉयस के लिए एक पावती संदर्भ संख्या (एआरएन) सृजित होगी जिसका उपयोग पुरस्कारों के ड्रॉ के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए मासिक व तिमाही आधार पर ड्रा निकाले जाएंगे। मासिक ड्रा में 10-10 हजार रुपए के 800 तथा 10-10 लाख रुपए के दो पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं तिमाही आधार पर निकाले जाने वाले ड्रा के दो विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।

## धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने किताबों की पूजा की और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। नौनिहालों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पारंपरिक परिधानों के साथ छात्र-छात्राओं ने बसंत ऋतु का स्वागत किया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पीले फूलों को अर्पित कर किया।

चेयरमैन सुधीर जैन ने छात्र -छात्राओं को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वाग्देवी मां सरस्वती की आराधना और ज्ञान के महापर्व को बसंत पंचमी के रूप में जाना जाता है। बसंत पंचमी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षा प्रारम्भ करने या किसी नई कला की शुरूआत करने के लिए यह दिन बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन लोग पीले रंग का वस्त्र पहनकर सरस्वती मां की पूजा करते हैं। संगीत की देवी के जन्मोत्सव को भी बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि सरस्वती पूजा का त्यौहार एक ऐसे सुंदर मौसम में आता है, जब प्रकृति में कई बदलाव होते हैं।

### एक रात में तीन दुकानों में चोरी

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**चोरों ने** एक ही रात में तीन दुकानों के ताले तोड़ कर हजारों रुपए का सामान व नगदी चोरी कर ली। पुलिस को रात को ही चोरी का पता लगा और उन्होंने इनके मालिकों को सूचना दी।

चोरों ने रेलवे रोड स्थित प्रिंस जनरल स्टोर का ताला तोडकर करीब 4200 की नगदी व सामान चोरी कर लिया। वहीं उससे कुछ दूरी पर ही स्थित मदर डेयरी का भी शटर उखाड़ दिया। इसके संचालक विपिन ने बताया कि रात को पुलिस ने ही उसे घटना की सूचना दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा। चोरों ने करीब 2200 रुपए की नगदी चोरी की। वहीं समिति रोड पर स्थित श्री गणेश ज्वैलर्स के यहां से चोरों ने चांदी के 2 कड़े, 1 चैन, सोने की 1 कील व 500 रुपए की नगदी चोरी कर ली।

## श्याम बाबा के अंतःवस्त्र के लिए 365 दिन श्रद्धालु करते इंतजार

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**श्री श्याब** बाबा के भक्तों को जहां हर वर्ष फाल्गुन महोत्सव का इंतजार रहता है वहीं भक्त बसंत पंचमी का भी बेसब्री से इंतजार करते हैं। महोत्सव को लेकर श्री श्याम बाबा मंदिर को सजाया गया है। बसंत पंचमी के दिन बाबा के अंतःवस्त्र को बदलकर नए अंतःवस्त्र पहनाया जाते है। बाबा के इस उतारे गए वस्त्र को लेने भक्त अलसुबह ही मंदिर पहुंच जाते हैं। चुलकाना धाम स्थित प्राचीन श्री श्याम बाबा मंदिर में बसंत पंचमी के त्योहार को लेकर तैयारियां की गई हैं। मंदिर प्रांगण को पीले गुब्बारों से सजाया गया है। साथ ही मंदिर के कपाट भी अलसुबह खुल जाएंगे और सवा पांच बजे ही



विशेष पूजा अर्चना के साथ भक्तबाबा के दर्शन कर पाएंगे। मंदिर के पुजारी दर्शन लाल ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन बाबा श्याम का विशेष रूप से पीत (पीला) श्रृंगार किया जाता है। इससे पहले उनके अंतःवस्त्र उतारे जाते हैं। यह केसरिया रंग का वस्त्र होता है, जो बाबा 365 दिन पहने रहते हैं। साल में सिर्फ एक बार बसंत पंचमी के दिन इसे बदला जाता है। भक्तों द्वारा लाया गया वस्त्र ही बाबा को पहनाया जाता है। काफी समय से इस महोत्सव की तैयारियां चल रही हैं। 365 दिन इंतजार, बाबा के अंतःवस्त्र के लिए- श्याम बाबा के भक्त बसंत पंचमी का 365 दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ताकि बाबा के उतारे गए अंतःवस्त्र को वो प्राप्त कर सकें। इसके लिए वो अलसुबह ही मंदिर में पहुंच जाते हैं। इसको लेकर भक्तों की गहरी अस्था जुड़ी हुई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह वस्त्र किसी वरदान से कम नहीं है। परिवारिक सुख-शांति, व्यापार आदि को लेकर वो इसे अपने घर में रखते हैं। ये दुखों का नाश करता है। सौभाग्यशाली भक्तों को मिलता है वस्त्रः पंचामृत से स्नान के पश्चात श्याम बाबा को पीला अंगवस्त्र पहनाकर पीले फूलों से श्रृंगार किया जाता है। श्याम बाबा का अंतःवस्त्र बाबा के भक्तों में बांट दिया जाता है।

### उपभोक्ता शिकायत निवार मंच की कार्यवाही 16 फरवरी को

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि रोहतक जोन में आने वाले जिलों सोनीपत, करनाल, पानीपत, झज्जर तथा रोहतक के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को समाधान करने के लिए उपभोक्ता शिकायत मंच द्वारा 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी।

उपायुक्त ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। इस दौरान उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूप्योग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

## लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण योजना उठाएं लाभः उपायुक्त डॉ० मनोज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं लड़कियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है, इसलिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से शिक्षा ऋण योजना लागू की गई है ताकि महिलाएं एवं लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

उपायुक्त ने बताया कि आमतौर पर सीमित साधनों, अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण वह उच्च शिक्षा (जैसे व्यावसायिक/तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व चिकित्सा संबंधी इत्यादि) प्राप्त करने से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा ऋण के भार को कम करने के उद्देश्य से इस योजना के तहत शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। उदाहरण के तौर पर अगर बैंक 9.50 प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्रदान करता है तो निगम द्वारा 5 प्रतिशत ब्याज दर के रूप में सब्सिडी दी जाएगी तथा लाभार्थी को केवल 4.50 प्रतिशत ब्याज के रूप में वहन करना पड़ेगा। हरियाणा राज्य की स्थायी निवासी लडक ी/महिला एवं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की लड़कियां / महिलाएं जो देश और विदेश में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, लाभ प्राप्त करने की पात्र हैं।

## छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एन॰फ॰एल॰ टाउनशिप पानीपत में दुर्गा शक्ति,हरियाणा पुलिस की ओर से ए॰अस॰आई॰श्रीमती रेनू, कांस्टेबल रीना और ज्योति के नेतृत्व में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमे कक्षा छह से आठवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया । इस कार्यक्रम के दौरान लड़कियों को जागरूक करते हुए यह बताया गया कि यदि कोई लड़कियों से छेड़छाड़ या अश्लील हरकत करता है तो पोस्को एक्ट के तहत उसपर कार्यवाही की जायेगी । इस एक्ट के तहत इस प्रकार की समस्या को लेकर जा सकते है और 18 वर्ष की आयु से नीचे वाले छात्राएँ अपना केस फाइल कर सकती हैं । इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि अगर आप किसी सुनसान रास्ते पर हो या रात के समय कोई साधन नहीं मिल रहा है तो 112 डायल करेंगे तो आपको घर छोड़ने की जिम्मेवारी उनकी होगी ।

## तालाब/नहर आदि के आस-पास कूड़ा/गोबर एकत्र करने और उसे जलाने पर लगाएं रोक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने ग्रामवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे जोहड़/तालाब/नहर आदि के आस-पास कूड़ा/गोबर एकत्र करने तथा उसे एकत्रित करने के उपरान्त जलाने पर रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पहले भी इसको लेकर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए जा चुके हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में स्थित जोहड़/तालाब/नहर की 30 मीटर परिधि क्षेत्र में कोई कूड़ा/कचरा या गोबर न डालें। क्योंकि इससे वातावरण में प्रदूषण होने और जोहड़/तालाब/नहरों आदि में संक्रमण फैलने का डर रहता है, गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों के माध्यम से भी संक्रमण तेजी से फैलता है। इससे जानवरों और लोगों के जीवन और संपत्ति को समस्या हो सकती है और संक्रमित वातावरण और पानी के कारण जानवरों और लोगों के जीवन की हानि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन भी चलाया जा रहा है। अगर कोई ग्रामवासी ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ हरियाणा सरकार व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली द्वारा पारित निर्देशों के तहत 10 हजार का जुर्माना व भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

**अपील**

8 धारा 188 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत कड़ी कार्यवाही की जा सकती है

### शिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूलों के अध्यापक

**कुरुक्षेत्र : केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में क्षमता निर्माण कार्यक्रम ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षकों को अपडेट करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुरुक्षेत्र के सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक व प्राचार्य शामिल हुए' रिसोर्स पर्सन पूजा मान प्रिंसिपल प्रताप पब्लिक स्कूल, करनाल और रितु सिंगला प्रिंसिपल ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, रादौर ने इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया। मैडम पूजा मान ने सी पी डी, प्रशिक्षण त्रिवेणी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों और वेबसाइट की जानकारी, इंडक्शन प्रोग्राम फॉर न्यूली एफिलिएटिड स्कूल, निष्ठा आदि का प्रशिक्षण दिया।

## चुलकाना धाम में पहुंची भीड़ ने किए श्याम बाबा के दर्शन

### श्याम बाबा का पीतांबर वस्त्र सभी भक्तों को मिला सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लग गई

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरियाणा में** पंजाब दिल्ली से आने वाले रास्ते बंद होने के बावजूद भी चुलकाना धाम में पहुंची लाखों की भीड़ श्री श्याम बाबा के किए दर्शन और श्री श्याम बाबा का पीतांबर वस्त्र सभी भक्तों को मिला सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लग गई हर साल चुलकाना धाम में बसंत पंचमी के दिन श्री श्याम बाबा के वस्त्र बदले जाते हैं और पुराने वस्त्र को भक्तों में बांट दिया जाता है

इस अवसर पर अनेक शहरों से श्री श्याम बाबा के प्रेमी चुलकाना धाम में पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया श्री श्याम बाबा का श्रृंगार पीले फूलों से किया गया



जिसकी एक बार बाबा से नजरे मिल गया बाबा श्याम उसकी नजरों के माध्यम से उसके दिल में उतर गए श्री श्याम बाबा मंदिर के पुजारी अजीत ने बताया कि श्री श्याम बाबा का श्रृंगार प्रतिदिन मशहुर फूल मालाओं से किया जाता है

लेकिन बसंत पंचमी के दिन श्री श्याम बाबा का श्रृंगार अद्भुत रहा और भक्तों की नजरे बाबा के श्रृंगार पर टिकी रही बाबा श्याम, चुलकाना धाम, शीश के दानी, कलयुग के अवतार, तीन बाण धारी, आदि के जयकारों से चुलकाना धाम गूंजता रहा इस अवसर पर श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम द्वारा पीले चावलों का भंडारा किया गया राकेश लूथरा पंडित रोशन लाल सुरेन्द्र गर्ग संदीप जैन ने भंडारे की व्यवस्था को संभाला।

**बाबा के दर पर**

8 बसंत पंचमी के दिन श्री श्याम बाबा के वस्त्र बदले जाते हैं और पुराने वस्त्र को भक्तों में बांट दिया जाता है

## लिटल एजंल्स स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर शानदार उत्सव

### बच्चों ने मिलकर विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत( रमेश कुमार )**
**लिटल एंजल्स** स्कूल, सोनीपत में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शानदार उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी बच्चों ने मिलकर विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर वंदना की और माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया।



सभी ने माँ सरस्वती से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने व जीवन में सफलता प्राप्त करने की कामना की। माँ सरस्वती को फूलों से सजाया गया व बच्चों ने पीली वेशभूषा में माँ सरस्वती के गीत गाए। विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दी व सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार ग्रहण करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन से ही चारों तरफ खुशी का माहौल दिखाई देने लगता है। ऋतुराज बसंत के आगमन से प्रकृति ही नहीं मानव जीवन में भी उमंग और जोश दिखाई दे रहा है। उन्होंने सभी छात्रों को जीवन में शिक्षा का महत्व बताया व कहा कि बसंत ऋतु में जिस प्रकार प्रकृति रंगों से भरी होती है, उसी प्रकार हमें भी मेहनत व सच्ची लगन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ताकि हमारे जीवन में खुशियों के रंग बिखरे रहें। उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने भी सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दी और कहा कि माँ सरस्वती के आशीर्वाद व सच्ची लगन से ही व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता हैं। चारों तरफ खुशी का वातावरण था।

**सफलता**

8 माँ सरस्वती के आशीर्वाद व सच्ची लगन से ही व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता हैं

## विद्यालय शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2024 हेतु अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। उपायुक्त ने बताया कि सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 19 फरवरी से 23 फरवरी, 2024 प्रातः 09:00 बजे से सांय 02:00 बजे तक संचालित करवाई जानी हैं। उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी के भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान विषयों की प्रायोगिक परीक्षा बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षक नियुक्त कर-के सम्पन्न करवाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित के शेष विषयों के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्बन्धित विद्यालयों में कार्यरत उन प्राध्यापकों/अध्यापकों द्वारा ली जाएगी, जो उस विषय को विद्यालय में पढ़ा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी नियमित के भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं के निरीक्षण कार्य हेतु ऑब्जर्वरों की नियुक्तियाँ की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए नियुक्त ऑब्जर्वरों व परीक्षकों को बोर्ड द्वारा उनकी ड्यूटी की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से भेजी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि सम्बन्धित विद्यालयों के मुखिया परीक्षा ड्यूटी चार्ट, निर्देश-पत्र, परीक्षार्थियों की ग्रुप फोटो व परीक्षा के अंक ऑनलाइन निर्धारित तिथियों में बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर स्कूल लॉगिन के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

# स्कूटी सवार महिला की चेन झपट कर बाइक सवार भागे

## मुरथल रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, महिला का आरोप बाइक सवार युवकों ने अचानक उनकी स्कूटी की तरफ मोड़ दी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के जीवन विहार में बाइक सवार दो युवक स्कूटी पर घर जा रही महिला के गले से सोने की चेन झपटकर भाग गए। महिला कपड़ा मार्केट से अपने घर जा रही थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग उनके हाथ लग सके।
गली नंबर-7 जीवन विहार निवासी गीता ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर को कपड़ा मार्केट में गई थी। वहां से वह स्कूटी पर सवार होकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान दो युवक नीले रंग की बाइक लेकर आए। उन्होंने उनके पास आने के बाद अचानक अपनी बाइक को उनकी स्कूटी की तरफ मोड़ दिया। जिससे उन्होंने अपनी स्कूटी की गति को कम कर दिया। स्कूटी की गति कम करते ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। अचानक हुए घटनाक्रम वह कुछ नहीं समझ पाई। युवक वारदात को अंजाम देकर वापस गीतांजलि गार्डन की तरफ भाग गए। उन्होंने मामले से अपने परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार सुबह भी बाइक सवार झपटमारों ने जीवन विहार निवासी मनोज देवी के गले से सोने की चेन झपट ली थी। घर में दुकान चलाने वाली मनोज देवी से युवक सिगरेट लेने आया था। उसके बाद चेन झपटकर भाग गया था।
स्कूटी सवार महिला के गले से सोने की चेन झपटने के आरोप की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**एसआई देवेंद्र सिंह, जांच अधिकारी सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत।**

# विद्यालय वजीर पुर टिटाना में वार्षिक महोत्सव किया गया आयोजित

**शोभा बढ़ाई**

8 बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गाँव के लोगो ने कार्यक्रम में साम्मलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई



**समालखा/कुलदीप सिंह**
हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीर पुर टिटाना में वार्षिक महोत्सव आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथी हल्का समालखा के एम एल ए धर्म सिंह छोक्कर एवं हल्का इसराना के एम एल ए बलबीर वाल्मिकी. को वरिष्ठ अतिथि के रूप समारोह में राकेश सरोहा, कपूरी राम कॉलेज के चैयरमैन पवन रमन जयभगवान खटके भी सम्मिलित हुए। इस समारोह में पिछले वर्ष के दसवी व बारहवी के छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया । दसवी कक्षा की छात्रा कीर्ति ने 500 में से 488, मुस्कान ने, 461, समीक्षा ने 453, परी, वंशिका, ईशु, ईशा व आशा ने अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। बारहवीं कक्षा के छात्र वाशु, खुशी, निधि व योगेश ने व योगेश ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इन छात्रों को इनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
आस-पास के गाँव के लोगो ने कार्यक्रम में साम्मलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गाँव नामुडा तथा मांडी के सरपंच ने भी छात्रो को उपहार देकर सम्मानित किया।

# छोटू राम किसानों के मसीहा की जयंती मनाई




**पानीपत, कमाल हुसैन**
संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान भवन में बसंत पंचमी व सर छोटू राम किसानों के मसीहा की जयंती पर संकल्प सभा आयोजित करते हुए संकल्प लिया कि किसानों के आंदोलन का दमन करने, किसानों की हत्यारी काले अंग्रेजों की तानाशाह भाजपा नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ जंग जारी रखेंगे। सभा में संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, हरियाणा किसान सभा, मजदूर संगठन सीटू,ऐटक, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं किसान आंदोलन के समर्थन में शहर में जुलूस निकाला गया और असंध रोड शहीद भगत सिंह चौक पर प्रधानमंत्री मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पुतलों का दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन का

**विरोध**

8 पीएम मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पुतलों का दहन किया गया

नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा के तालमेल कमेटी जिला के जिला संयोजक एवं पूर्व प्रधान भारतीय किसान यूनियन जयकरण कादियान, सहसंयोजक सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक, राजपाल, दरियाव सिंह कश्यप, राजेंद्र छौक्कर, जय भगवान, नवीन सपड़ा, पवन सैनी एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह कश्यप, भीम सिंह, सीताराम शर्मा, गुलाब सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, दिलावर सिंह राठी, रामकिशन व रामकिशन आर्य आदि ने नेतृत्व किया।

# सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को किया सम्मानित




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली (दलबीर मलिक)**
गत्त दिवस गांव बिहोली में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर लाडवा के पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने शिरकत की। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में पिपली खंड की तरफ से कबड्डी के विभिन्न मुकाबले खेले गए। इस प्रतियोगिता में गांव अंटेड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ईशरगढ़ की टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।
सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने विजेता टीम को 2100 रुपये और दूसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को 1100 देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, और जब हमारे बच्चों की बात आती है, तो हम समझौता नहीं करते हैं। बच्चों का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ पालन-पोषण सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है कि उन्हें खेलों में शामिल किया जाए। खेल एक ही समय में मजेदार और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। बड़े होने पर, बच्चे हम वयस्कों की तुलना में बहुत अधिक ऊर्जा से भरे होते हैं।
खेल उस शक्ति को सही दिशा में ले जाने का सबसे आसान और शायद सबसे अच्छा तरीका है। इस प्रक्रिया में हड्डियों और मांसपेशियों के विकास में सहायता करते हुए खेल शुरू से ही सही कार्य नीति बनाने में मदद करते हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों में देश में नंबर वन प्रदेश बन चुका है। सबसे अधिक मेडल आज हरियाणा के बच्चे लेकर आ रहे हैं सरकार ने भी दिल खोलकर बच्चों के प्रोत्साहन राशि देने का काम किया है। इसके साथ-साथ सरकार खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए भी व्यापक योजना स्थापित की है। इस अवसर पर बीडीपीओ बलराम गुप्ता, हरमेश सैनी, गुरुदत्त शर्मा, विनोद शर्मा, सरपंच सुनील कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राष्ट्रीय कृमि निवारण कार्यक्रम 15 फरवरी से : डीसी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 15 फरवरी को किया जाएगा। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 15 फरवरी को होगा और 20 फरवरी को मोप-अप दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक आधा टैबलेट, 3-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टेबलेट, प्रजनन आयु वर्ग (20-24 वर्ष) वाली महिलाओं (गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं ) के लिए एक टेबलेट का प्रावधान है।

# वात्सल्य वाटिका में बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया। सबसे पहले माँ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर नमन व याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप श्रीमान रत्न चंद सरदाना पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमद्भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का परिचय व स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने करवाया। फिर अंकित शर्मा ने माँ सरस्वती जी के ऊपर अपने भाव रखें। मुख्य अतिथि रत्न चंद सरदाना जी ने कहा कि सबसे पहले आप सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में सदैव भगवत कार्य होते रहते हैं । यहाँ से पढ़े हुए बच्चे बहुत आगे बढ़े हैं। यहाँ के संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने अपना पूरा जीवन बच्चों की सेवा में लगाया हुआ है। अंत में अतिथियों का आभार वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने किया। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, ट्रस्ट उपप्रधान सुरेश कुमार, सचिव ओमप्रकाश गेरा, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, जितेंद्र शर्मा जनसहयोग संस्था, कवि सीमा बिरला, अंकित शर्मा , संजय मित्तल और छात्र छात्राएँ मौजूद रहे ।

**वितीय सहायता**

8 रत्न चंद सरदाना पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमद्भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र रहे।

# घरों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत/कमाल हुसैन**
थाना किला पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले आरोपी को मंगलवार देर शाम राजीव कॉलोनी में नाला पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी से थाना किला क्षेत्र की चोरी की दो वारदातों को खुलासा हुआ। आरोपी की पहचान पवन निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में हुई।
थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक राजीव कॉलोनी में नाला पुलिया के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। टीम ने मौके पर दंबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पवन पुत्र संजय निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 10 फरवरी की रात महादेव कॉलोनी में एक मकान में घूसकर मोबाइल फोन व चांदी की एक चेन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना किला में सुरजीत पुत्र राजपाल निवासी महादेव कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 10 फरवरी की रात हनुमान कॉलोनी में एक मकान से 2 हजार रुपए व एक जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी करने की एक अन्य वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में बृजेश पुत्र दयाराम निवासी हनुमान कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

# बसंत पंचमी के अवसर पर किया हवन यज्ञ

**हवन**

8 छात्रों को अभिवादन करना, अच्छे संस्कारों के साथ अध्ययन कार्य करते रहने की जानकारी दी



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा के द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द, खरखौदा में गुरुवार को वसंत पंचमी पर आचार्य सुरेंद्र शास्त्री (थाना खुर्द) द्वारा हवन पूजन संपन्न करवाया गया। आचार्य ने स्कूली छात्रों को बड़ों को अभिवादन करना एवं आदर सत्कार, शिष्टाचार , अच्छे संस्कारों के साथ अध्ययन कार्य करते रहने की जानकारी दी।
विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत नैन ने बताया कि बसंत पंचमी एक ऐसा त्योहार है जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। बसंत पंचमी हर वर्ष माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनायी जाती है।"सरस्वती रंग बरसे पीला और छाए सरसों की उमंग , आपके जीवन सदा महकता रहे, फूलों की वर्षा, शरद की फुहार, सूरज की किरणें लाए खुशियों की बहार।" पंक्तियों से वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने पुलवामा हमले में हुए शहीदी सैनिकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए विद्यालय में मौजूद सभी ने दो मिनट का मौन धारण किया, ताकि शहीदी नौजवान की आत्मा को शांति मिले। अंत में चेयरमैन उत्सव दहिया ने मां सरस्वती के श्लोक "सरस्वती नमस्तुभ्यं, वरदे कामरूपिणी , विद्यारंभ करिष्यामि, सिद्धि में सदा" से सभी भारतवासियों को वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# सी०सी०एच०आर०ओ नेशहीद हुए वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**क्राइम** कंट्रोल एंड हुमन राइट्स ऑगेनाईजेशन द्वारा युद्ध स्मारक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगठन के अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा आज 14 फरवरी 2019 को हमारे देश के 42 वीर सपूतों ने भारत मां की सेवा में रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। और 14 फरवरी के दिन है शहीद-ए-आजम भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव को भी फांसी की सजा सुनाई गई थी। क्रांतिकारियों के पद चिन्हों पर चलकर देश व समाज की सेवा करें।

# 'मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए अब जरूरी हुई पंजीकरण'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ विवाह के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरांत ही पात्र लाभार्थियों को दिया जाएगा। इसके लिए लाभ पात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के छः महीने पूरे होने से पहले शादी.ईदिशा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरांत ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनको 31 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

# आयुष विभाग ने गुर्जर धर्मशाला में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

## विधिवत रूप से भगवान धन्वंतरि जी के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के शिविर का शुभारंभ किया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सुदेश जाटियान के दिशा निर्देश में आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गुर्जर धर्मशाला कुरूक्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विधिवत रूप से भगवान धन्वंतरि जी के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के शिविर का शुभारंभ किया गया।
जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि पंचकर्म, जड़ी-बूटियां, योगासन इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी दी तथा घरेलू रसोई में पाये जाने वाले मसालों की विभिन्न रोगों में उपयोगिता तथा हर्बल वाटिका के माध्यम से उपस्थित लोगों को जडी-बुटियों की रोगों में उपयोगिता बारे बताया। शिविर में अनुभवी विशेषज्ञों डा. जगीर सिंह, डा मैनका अग्रवाल एवं डा. शुभम होमियो विशेषज्ञ द्वारा रोगियों का निरीक्षण किया गया तथा बलराज सिंह, रण सिंह एवं रीना फार्मासिस्टों द्वारा रोगियों को निशुल्क औषधि वितरित की गई। आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा अन्य योग संस्थाओं के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक अभ्यास भी लगातार करवाया जा रहा हैं। जिसमें आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा अब तक लगभग 1 लाख 2 हजार रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी योगशालाओं/व्यायामशालाओं में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा हैं।उन्होंने बताया कि 20 फरवरी तक सभी आयुष केन्द्रों, योगशालाओं/ व्यायामशालाओं तथा गांवों में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जाएगा। आयुष योग सहायकों द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित जनसमूह को योग एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।
जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद करने के साथ-साथ लोगों को इस शिविर से अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ लेने बारे आवाहन किया गया तथा उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आयुष विभाग कुरुक्षेत्र निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस द्वारा कड़े प्रबंधः डीसी

## बकायदा कानून व्यवस्था किसी भी सूरत में न बिगड़े इसके लिए समय-समय पर पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आंदोलनकारियों** को रोकने के लिए पुलिस के जवान व पैरामिल्ट्री फोर्स अपनी डयूटी पर तैनात रही। इतना ही नहीं आईजी अम्बाला रेंज सिबास कविराज, उपायुक्त डा. शालीन व पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा शंभु बोर्डर पर सुबह से ही मौके पर रहकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे थे। बकायदा कानून व्यवस्था किसी भी सूरत में न बिगड़े इसके लिए समय-समय पर पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे थे। उपायुक्त डा. शालीन ने स्वयं मौका संभालते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी। आंदोलनकारियों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए शंभु बार्डर के नजदीक कंट्रोल रूम भी बनाया गया था। सीसीटीवी कैमरों के



माध्यम से हर गतिविधि पर बारीकी से नजर भी रखी जा रही थी। आईजी सिबास कविराज भी हर स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस व पैरामिल्ट्री फोर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। आंदोलनकारियों को कानून व्यवस्था हाथ में न लेने बारे अनाउसमैंट के माध्यम से जानकारी दी जा रही थी। कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए आंदोलनकारी किसानों के उग्र रूप को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा एहतियातन जो भी जरूरी कदम थे वे उठाए गये। ड्रोन इत्यादि के माध्यम से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। इस दौरान सभी कंपनियां अपनी-अपनी डयूटी का बखूबी निर्वाह करते हुए नजर आई। पुलिस के जवान व पैरामिल्ट्री फोर्स आगे आकर आंदोलनकारियों को रोकने का काम भी करती नजर आई। आईजी सिबास कविराज ने बताया कि किसी को भी कानून को हाथ में

**कड़े प्रबंध**

**8 आंदोलनकारियों को कानून व्यवस्था हाथ में न लेने बारे अनाउसमैंट के माध्यम से जानकारी दी जा रही**

नहीं लेने दिया जायेगा। इसलिए पुलिस द्वारा सभी व्यापक प्रबंध किए गये थे। उन्होंने कहा कि यदि आंदोलनकारी कानून व्यवस्था को भंग करते हैं तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। किसानों के इस आंदोलन को देखते हुए शंभु बोर्डर पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की हुई है। शंभु ब्रिज के नीचे भी कोई भी व्यक्ति या शरारती तत्व यहां से न गुजर सके, इसके लिए अर्धसैनिक बलों की टुकडी के साथ-साथ पानी के बीच में कंटीली तारे भी लगाई गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यापक प्रबंध किए गये हैं। यहां बता दें कि आमजन व किसी को भी आंदोलन में भाग न लेने बारे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने का काम भी किया गया।

पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पुलिस की टुकडियां व जवान सुबह से ही हर गतिविधि पर नजर रख रही है। पुलिस के जवानों ने समय-समय पर आंदोलनकारियों को मौके से खदेडने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने नहीं दिया जायेगा। उन्होने यह भी कहा कि हर परिस्थिति बारे उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाने का काम किया जा रहा है।

# 'किसानों ने जिनसे दिल्ली में बात करनी है वह सभी मंत्री व अधिकारी चंडीगढ़ आ गए अब दिल्ली किस लिए जाना है'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने किसानों के मुद्दे पर पंजाब सरकार के रवैये पर हैरानी जताई है और कहा कि उन्हें बहुत बड़ी हैरानी है कि पंजाब सरकार ने नोटिस जारी किया कि हमारी सीमा में ड्रोन मत भेजो, क्या यह हिंदुस्तान-पाकिस्तान हो गया। अगर, हमारी पुलिस को मारकर कोई पंजाब में भाग जाएगा तो क्या हम उसके पीछे जाकर उसे पकड़ नहीं सकते।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि जब अमृतसर से यह जत्थे (किसान) चले तो पंजाब सरकार ने इन्हें रास्ते में एक भी जगह भी रोकने की कोशिश नहीं की। इसका मतलब



तो यह है कि यह दिल्ली को दहलाना चाहते हैं, क्या यह दोबारा चाहते हैं कि दिल्ली के लाल किले में जाकर डांस कर अपमानित किया जाए। वहीं, शंभु बार्डर पर जुटे किसानों पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसान कहते हैं कि हमने दिल्ली जाना है, दिल्ली इन्होंने किस लिए जाना है, जिनसे इन्होंने दिल्ली में बातचीत करनी है जब वह सारे मंत्री व अधिकारी चंडीगढ़ आ गए तो आपने बात नहीं की। इसलिए इनका मकसद कुछ और है। वहीं, मंगलवार किसानों व पुलिस के बीच हुए पथराव के संबंध में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस के एक डीएसपी व 25 पुलिस कर्मी घायल हुए है और आजतक न्यूज चैनल के एक सीनियर पत्रकार भी घायल हुए हैं। राहुल गांधी के बयान की उनके गठबंधन की सरकार बनेगी तो किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी के बारे में गृह मंत्री अनिल विज ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एमएसपी की रिपोर्ट 2004 में आ गई थी तब कांग्रेस की सरकार थी और दस साल तक रही, तब इनकी पार्टी ने क्यों नहीं किया। केवल भड़काने के लिए ऐसे बयान देना ठीक नहीं।

## न्यूज फ्लैश

### जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस हिसार का परचम, पांच स्टूडेंट्स ने हासिल किए 95 फीसदी से ज्यादा परसेंटाइल

**हिसार।** आकाश बायजूस ने चंडीगढ़ से अपने बीस स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट इंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 95 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया। साथ ही एक अन्य छात्र ने 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में रिषित बराला ने 99.78 परसेंटाइल हासिल किए हैं। साथ ही प्रियांशि सेहरा ने 99, गुरप्रीत ने 98.66, बलराम सिंह ने 97.23, कनव ने 96.77 और रोनिक ने 92.96 परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरूआत हुई. छात्रों को बधाई देते हुए, परमेश्वर झा, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की, छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। इसके अलावा, हाल ही में घोषित एनएसई के परिणामों में हरियाणा के 151 छात्रों ने मिनिमम एडमिसिबल स्कोर से ऊपर अंक प्राप्त किए और 21 छात्रों को इंडियन नेशनल ओलंपियाड 2024 के लिए चुना गया है।



### आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के तस्वा ने नोएडा में कदम रखा

**नोएडाः** आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण ताहिलियानी के भारतीय मेन्सवेयर ब्राण्ड तस्वा ने नोएडा के सेक्टर 18 में अपना नया स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की है। नया स्टोर रणनीतिक तरीके से सेक्टर 18, नोएडा में स्थित है। यह शहर और आस-पास के इलाके में रहने वाले समझदार ग्राहकों को आकर्षित करेगा। यहाँ कंपनी के नये नजरिये वाले और सावधानी से तैयार किये गये वेडिंग एवं ओकेजन वियर की एक बड़ी रेंज होगी। नोएडा में तस्वा का पहला स्टोर इस ब्राण्ड के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह तरक्की पर जोर देता है और फैशन तथा लाइफस्टाइल के बेजोड़ उत्पाद देने के लिये प्रतिबद्ध है। ब्राण्ड का नया स्टोर सेक्टर 18 में स्थित है और 3702 वर्गफीट में फैला है। यहाँ कुर्ता, बंडी, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी की एक शानदार रेंज है। यहाँ साफा, ब्रोच, पॉकेट स्क्वायर, शॉल, स्टोल्स, मोजड़ी, आदि जैसी एसेसरीज भी हैं। स्टोर का भव्य वातावरण इस बेजोड़ कलेक्शन पर खूब फबता है। नये स्टोर की पेशकश पर अपने विचार रखते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा, ह्यह्यतस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सबसे बेहतरीन स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है। काफी लंबे समय से मैं सुन रहा हूँ कि एथनिक वियर आरामदायक नहीं होता है और तस्वा इसी सोच को बदलने की कोशिश है। हमने ऐसे परिधानों को डिजाइन किया है, जो हमारे उपभोक्ता यानि भारतीय पुरुष को शानदार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर देते हैं




# मेपल बेयर ओमेक्स सिटी मे बच्चों ने मनाया बसंत पंचमी उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**मेपल बेयर** ओमेक्स सिटी सोनीपत के प्रांगण में आज नन्हे-नन्हे बच्चों ने स्कूल की अध्यापिकाओं के साथ बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। पीले वस्त्रों में सभी बच्चों एवं अध्यापिकाओं से स्कूल का दृश्य अति मनमोहक दिखाई दे रहा था। स्कूल में बुद्धि के देवता श्री गणेश और शिक्षा की देवी माँ सरस्वती की तस्वीरें लगाई गयी थीं। स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदान व उनकी धर्मपत्नी मोनिका मदान, हेडमिस्ट्रेस उमा भानोट और अध्यापिकाओं वर्षा अरोड़ा, वर्षा त्यागी, आरती, प्रियंका, रिया, रितु, अंजलि, अमीषा आदि ने सभी बच्चों के साथ बैठकर मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा की। तदोपरांत हेडमिस्ट्रेस उमा भनोट ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि बसंत पंचमी को ऋतुराज भी कहा जाता है। इस दिन के बाद मौसम में बदलाव होता है और ठंड कम पड़ती है। पेड़ों में नई पत्तियां आने लगती हैं, फूलों में भंवरे मंडराने लगते हैं और इस त्योहार के बाद सरसों के पीले फूल भी खिल उठते हैं। इस दौरान स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदान ने सभी बच्चों एवं स्टाफ को बसंत पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पीला रंग मां शारदा को प्रिय है। साथ ही पीला रंग समृद्धि का प्रतीक है, यही कारण है कि बसंत पंचमी के दिन मां शारदा की पूजा में भी पीला वस्त्र प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि पीले रंग के वस्त्र धारण करने से मां सरस्वती की कृपा बनी रहती है और बच्चे अपनी पढ़ाई में निपुण हो जाते हैं। संचालक सुरेंद्र मदान ने हेडमिस्ट्रेस सहित सभी अध्यापिकाओं एवं अन्य स्टाफ को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया और उन्हें बच्चों के प्रति हमेशा समर्पित रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यादान से बढ़कर कोई दान नहीं है।



# बसंत पंचमी पर कक्षा तीसरी के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह)**
**अपोलो** इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कक्षा तीसरी के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी गौरांश और आयांश ने वसंत पंचमी पर अपना वक्तव्य रखा और शौर्य ने कविता का गायन किया। पुलवामा आतंकी हमले को याद करते हुए कक्षा आठवीं की छात्रा प्राची ने देश भक्ति से ओतप्रोत कविता पाठ किया। कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती को स्मरण करते हुए नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रार्थना सभा के बाद बोर्ड परीक्षा में प्रभु का आशीर्वाद व सफलता की मंगल कामना हेतु कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीष समारोह का आयोजन किया गया जिसके तहत शिक्षकों व बच्चों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व हवन में आहुति अर्पण कर सफलता की मनोकामना की। इस मौके पर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र व परीक्षा संबंधित विशेष दिशा निर्देश भी दिए गए ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और परीक्षा के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए।

# किसान के प्लॉट से दो ट्रालियां चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माजरा में किसान के प्लॉट से दो ट्रालियों के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव सलारपुर निवासी संदीप ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। उसके पास दो ट्रालियां है। जिन्हें वह खेती के लिए इस्तेमाल करता है। उसने अपनी ट्रालियों को प्लॉट में खड़ा किया था। किसी ने प्लॉट से ट्रालियों को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर ट्रालियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एअसाई दलबीर ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# दवाई लेने के लिए निकला युवक सड़क हादसे का हुआ शिकार, मुकदमा दर्ज

## पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू, वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुंडली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने दवाई लेने जा रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नरेला दिल्ली निवासी रामकुवार ने बताया कि उसका बेटा नरेश कुमार (34) एचएसआईडीसी कुंडली में नौकरी करता था। जो तीन दिन से तबीयत खराब होने के कारण डयूटी पर नहीं जा रहा था। गत 11 फरवरी को देर शाम करीब 7.30 बजे दवाई लेने के लिए सिंघू बॉर्डर पर गया था। वहां तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक में रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हर स्थिति से निपटने को तैयार सुरक्षा बल

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**किसानों को** दिल्ली कूच से रोकने के लिए पट्टीकल्याणा के पास भी पानीपत व सोनीपत पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग की गई है। इसको लेकर पुलिस के आला अधिकारी दिनभर दौरा करते हुए कर्मियों का आवश्यक दिशानिर्देश देते रहे। डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित ने बताया कि जैसी स्थिति होगी वैसे ही कदम उठाए जाएंगे। पानीपत पुलिस की 4 कम्पनियां तथा सोनीपत पुलिस की 2 कम्पनियां तथा 2 अर्धसैनिक बलों की कम्पनियां तैनात की गई हैं। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए बैरिकेटिंग की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

# कुंडली बार्डर से लेकर औचंदी बार्डर को पुलिस ने किया सील

## ग्रामीण क्षेत्र के रास्तों पर खोदे गड्ढे, किसानों को किसी सूरत में दिल्ली में नहीं करने दिया जायेगा प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**देश** की राजधानी में किसानों को रोकने के लिए हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों पर प्रशासनिक विभाग व पुलिस की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ताकि किसानों को किसी भी सूरत में दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जा सके। राजधानी के सभी रास्तों को पुलिस की तरफ से रोक दिया गया है। महज एक केएमपी के जरिए ही लोग दिल्ली में प्रवेश कर पा रहे है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के दिल्ली कूच के आह्वान व शंभू बॉर्डर पर पुलिस व किसानों के आमने-सामने होते ही दिल्ली पुलिस ने सोनीपत से सटे

**आवागमन**

**8 दोपहर बाद तक दिल्ली के औचंदी बॉर्डर से खरखौदा के फिरोजपुर रोड पर वाहनों का आवागमन जारी था**

बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया है। कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर अर्द्धसैनिकों के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात है। फ्लाईओवर के नीचे छह लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है तो फ्लाईओवर के ऊपर पर भी किसानों को रोकने को हर प्रबंध किए गए हैं। कुंडली-सिंघु बॉर्डर के बाद औचंदी-फिरोजपुर बॉर्डर, नरेला-सफियाबाद रोड को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते वाहन चालकों व यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। भारी वाहनों को कुंडली थाना पुलिस केजीपी-केएमपी के रास्ते निकाल रही है। पुलिस की तरफ से लोकल रास्तों पर गड्ढ़े खोद दिए है। बता दें कि एसकेएम (गैर राजनीतिक) ने दिल्ली कूच को लेकर कुंडली बॉर्डर क्षेत्र में रात से ही दिल्ली पुलिस ने व्यापक प्रबंध करने शुरू कर दिए थे। जिसके चलते पहले संपर्क मार्ग को बंद करने के बाद फ्लाईओवर से दो लेन को चालू रखा गया था। जिस पर सुबह होते ही केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर भारी वाहनों को रोककर उन्हें एक्सप्रेस-वे से भेजा जाने लगा। दोपहर होते ही शंभू बॉर्डर की स्थिति देखकर कुंडली-सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। जिसके बाद छोटे वाहनों को वाया जांटी-दहीसरा होते हुए दिल्ली के गांव सिंघु भेजा गया। साथ ही नरेला जाने वाले मार्ग को भी बंद कर दिया गया। नरेला-सफियाबाद मार्ग पर भी बैरिकेड व पत्थर लगाकर उसे सील कर दिया गया। दोपहर बाद तक दिल्ली के औचंदी बॉर्डर से खरखौदा के फिरोजपुर रोड पर वाहनों का आवागमन जारी था।

# ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्री का मोबाइल फोन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अंबाला-दिल्ली** रेल मार्ग पर ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। सूरत नगर गुरूग्राम निवासी मंदीप ने बताया कि वह गत 9 फरवरी को वह कालका से दिल्ली जाने वाली रेल गाड़ी संख्या 12312 कालका हावड़ा में सफर कर रहा था। वह डिब्बा नंबर-एस6 में सीट नंबर-10 पर बैठा हुआ था। उसने अपना मोबाइल फोन सीट पर सिर के नीचे रखा हुआ था।

**जांच जारी**

**8 पुलिस चोर का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके**

उसे नींद आ गई। जब उसकी आंख खुली तो गन्नौर और सोनीपत के बीच में पहुंचा था। उसने देखा कि उसके सिर के नीचे रखा मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# हमें संतों द्वारा दिए गए ज्ञान को प्राप्त कर उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिएः संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक) लाडवा के** गुरु रविदास आश्रम के संचालक महात्मा गुरपाल दास बुधवार को लाडवा अनाजमंडी में स्थित समाजसेवी संदीप गर्ग के कार्यालय में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 647वें प्रकट दिवस को लेकर निमंत्रण देने के पहुंचे ।संत गुरपाल दास ने समाजसेवी संदीप गर्ग के बारे में कहा कि ऐसा नेता लाडवा हल्के को मिलना बहुत ही मुश्किल है, जो की निस्वार्थ भाव से लाडवा हल्के की जनता की पिछले कई वर्षों से सेवा करने में लगे हुए हैं।



उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को लाडवा मुस्तफाबाद रोड पर स्थित आश्रम में संत गुरु रविदास जी का 647वें प्रगट दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसका निमंत्रण वह उन्हें देने के लिए पहुंचे। वही समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि संत महात्माओं के चरणों में ही स्वर्ग होता है और हमें सभी को संत महात्माओं द्वारा दिए गए ज्ञान को प्राप्त कर उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हम सही राह पर चल सके।

# बसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई गई

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**लॉर्ड** कृष्णा पब्लिक स्कूल समालखा मे वसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधक सुरेन्द्र गाहल्याण और निशा गाहल्याण ने दीप प्रज्वलित करके और पुष्प अर्पित करके मां सरस्वती का वंदन किया। एच० ओ ०डी० विनीता मलिक ने मंच संचालन का कार्य भार संभाला। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी के बच्चों ने नाटक मंचन किया। जिसकी सभी ने खूब सराहना की । यह नाटक शिक्षा पर आधारित रहा। अवनी और परी का नृत्य भी काफी प्रशंसनीय रहा ।कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षिकाए मौजूद थी । स्कूल प्रधानाचार्य ने बच्चों के उत्साह को देखते हुए कहा कि अपने संस्कार व संस्कृति का आधार बच्चे इन्हीं कार्यक्रमों से सीखते है । शिक्षिका गीता ने वसंत पंचमी पर अपने विचार रखे।

**वंदना**

**8 अपने संस्कार व संस्कृति का आधार बच्चे इन्हीं कार्यक्रमों से सीखते है : सुरेंद्र गाहल्याणा**

# किसान आंदोलन को लेकर नागरिक अस्पताल प्रबंधन तैयारियों में जुटा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**किसान** आंदोलन को लेकर हर विभाग अपने स्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है। किसानों व प्रशासन के साथ बॉर्डर पर खींचतान चल रही है। अगर किसान सोनीपत पहुंचते है, तो उसके लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. लोकवीर ने अपनी टीम के साथ आपातकालीन कक्ष सहित परिसर में अन्य स्थानों को दौरा कर दवाइयों के स्टॉक सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। डा. लोकवीर ने बताया कि नागरिक अस्पताल में बेहत्तर चिकित्सक सुविधाएं देने के लिए विभाग की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। किसान आंदोलन को लेकर उच्च अधिकारियों की तरफ से अलग से दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आपातकालीन कक्ष में आपात स्थिति के लिए अलर्ट रहने को कहा गया है। सभी स्टाफ सदस्य को एवं तैनात कर्मचारियों को कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयार रहे। वही अस्पताल में सीरीज एवं दवाइयां से जुड़ी सभी जानकारी स्वास्थ्य कर्मी से ली गई है। इसके साथ आपातकालीन कक्ष व वार्ड की संख्या सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। डा. लोकवीर ने बताया कि कोई किसान भाई आए तो बेहतर ढंग से उपचार किया जाए। उन्होंने आपातकालीन कक्ष में एक-एक चीज का खुद निरीक्षण किया। आपातकालीन कक्ष में तैनात कर्मचारियों के शिफ्ट के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई। डयूटी पर तैनात चुतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सिक्योरटी गार्ड को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। इस दौरान डा. संदीप लठवाल, डा. गिन्नी लांबा, जानी सहित अन्य स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पीतमपुरा में ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन का वार्षिक समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिक समारोह की शुरूआत देश के अलग-अलग राज्यों से आए एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान के साथ की गई। राष्ट्रगान के बाद विधि विधान के साथ दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरूआत हुई। यह कार डीलर्स एसोसिएशन का 23वां वार्षिक समारोह था। समारोह के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एस. नेयोल थे। एसोसिएशन के दिल्ली राज्य के अध्यक्ष लोकेश मुंजाल द्वारा मुख्य अतिथि जे.एस. नेयोल का जोरदार स्वागत किया गया। श्री मुंजाल ने मुख्य अतिथि को चाँदी का मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया और वर्षों से एसोसिएशन के अध्यक्ष पद संभाल रहे श्री नेयोल की सराहना की। मुख्य अतिथि जे. एस. नेयोल ने एसोसिएशन की परंपरा निभाते हुए संस्था की तरफ से देश और दुनिया में शांति रहे, इसके लिए तिरंगे रंग के गुब्बारों का गुच्छा आसमान की तरफ छोड़ शांति का संदेश दिया। एसोसिएशन के लीगल एडवाईजर अमर सैनी और कई पदाधिकारियों ने मंच पर वार्षिक समारोह में अपने विचार रखे। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समारोह के मुख्य अतिथि जे एस नेयोल ने आए हुए एसोसिएशन के सदस्यों और पदाधिकारियों को संबोधित कर उपलब्धियां गिनवाई। समारोह में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों, महिलाओं, बच्चों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कादीपुरः शहीद महाराजा सूरजमल, दीनबंधु सर छोटू राम और चौधरी भीम सिंह की जयंती मनाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बसंत** पंचमी के अवसर पर गाँव कादीपुर में महान क्रांतिकारी शहीद महाराजा सूरजमल, दीनबंधु सर छोटू राम और चौधरी भीम सिंह कादीपुर की जयंती मनाई गई। जिसमें हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सामाजिक कार्य करने वाले छह व्यक्तियों को चौधरी भीम सिंह ट्रस्ट की तरफ से डॉक्टर जिले सिंह सोलंकी पूठ कलां, डॉक्टर महावीर सिंह भरतपुर, हरीश नंदल रोहतक, वेदपाल खेड़ा कलां, श्रीभगवान राणा, सोमवीर शास्त्री महामंत्री कन्या गुरुकुल नरेला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरपाल राणा ने बताया कि कन्या गुरुकुल नरेला की छात्राओं के द्वारा हवन किया गया। हवन में कादीपुर के पंडित राज सिंह, माँगेराम कश्यप, प्रधान चौधरी चंद्रमोहन, वीरेंद्र राणा, राजेश, अमित और अखिल वकील उपस्थित थे।

# प्रभु श्रीराम सभी के जीवन में खुशियां लायें: सिंघल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भजनपुरा मण्डल उत्तर पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष व प्रतिष्ठित कवि और राम मंदिर निर्माण में मजदूर बनकर सेवा कर चुके भुवनेश सिंघल व उनकी टीम ने सनातन संस्कृति के संवाहक आराध्य प्रभु श्री राम जन्मस्थली अयोध्या धाम मंदिर के दर्शन किये। स्पेशल आस्था ट्रैन से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लगभग 8 किलोमीटर का पैदल सफर कर अयोध्या पहुंचें और वहां सरयू में स्नान किया व हनुमान गढ़ी के दर्शन भी किये। यात्रा के दौरान भुवनेश सिंघल ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से भोजन पानी का वितरण किया व उनके लिए प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था ट्रैन में ही की। इस




अवसर पर अयोध्या में बने पंचवटी आश्रय स्थल पर कार्यक्रम अयोजित कर भुवनेश सिंघल ने अपने साथ गए कार सेवक मोहन सिंघल सत्पथी, रोहताश कश्यप व कौशल मिश्रा का विशेष सम्मान भी किया और सभी ने इन कारसेवकों के संघर्ष की कहानी को उन्हीं के मुख से सुना और अश्रुपूरित नयनों से जय श्री राम का घोष करके कारसेवकों के प्रति आभार प्रकट किया।
सिंघल ने बताया कि यही वो कारसेवक हैं जिनकी कारसेवा के बल पर ही आज राम मंदिर बन सका है और सिंघल ने प्रधानमंत्री का विशेष धन्यवाद किया कि उनके नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हुआ। भुवनेश सिंघल ने आस्था स्पेशल ट्रेन देने के किये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी व जिलाध्यक्ष पूनम चौहान का भी धन्यवाद किया।
इस अवसर पर जिला व मण्डल के 1506 कार्यकर्ताओं ने रामलला के दर्शन किये।

# दिल्ली के सीएम आवास पर सफाई कर्मचारियों की कई मांगों को लेकर यूनियन ने किया प्रदर्शन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास स्थान पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का आयोजन दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी और सहयोगी संगठन ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने किया। यह प्रदर्शन सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर किया गया।
इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, अनिल ढिलौड, दीपक बग्गा, नरेश, विशाल सांवरिया, विजय पार्चा, राजेंद्र डिंडोरिया, दिनेश लोधो, जगदीश कुमार, सीमा मारोठिया, प्रमोद कुमार, दिलीप कुमार, राजू कुमार, संजय, आशीष सूद, जगदीश भाई, गौरव कुमार, विनोद, मुकेश, राजू, रज्जो, प्रदीप कुमार, मुकेश टोनी चंडालिया, सुरेंद्र सूद, अशोक, विकास कुमार, रवि कुमार, अजय कुमार, बिजेंदर कुमार, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, सुरेश कुमार, सुशील कुमार, रामचरण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने अपने भाषण में कहा कि की काफी लंबे समय से जो कर्मचारी कच्चे है उनको परमानेंट किया जाएं और रुके हुए लाभांश दिए जाएं, जो कर्मचारी कोरोना काल में मर गए थे, उनको एक-एक करोड़ रूपया दिया जाए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# मंदिर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापित की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली स्थित कृष्णा नगर के रघुनाथ मंदिर में बुधवार को महर्षि वाल्मीकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया और इसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सामाजिक सगंठन सैस के अध्यक्ष शक्ति बख्शी के सहयोग से की गई।
इस अवसर पर महामंडलेश्वर कृष्ण साहू विद्यार्थी महाराज, स्वामी राजेश्वरानंद महाराज के साथ अनेक संत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दयानंद, विश्व हिन्दू परिषद से दिल्ली प्रांत प्रमुख



कपिल खन्ना आदि उपस्थित रहे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का हमारी प्राचीन संस्कृति में विशेष योगदान है जिनके मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं। शक्ति बख्शी ने कहा कि ऋषिकेश में आदिवासी कलाकारों द्वारा मां शबरी रामलीला आयोजित करने के बाद मां शबरी रामलीला कमेटी का प्रयास है कि अधिक से अधिक मंदिरों में महर्षि वाल्मीकि मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाए और उनकी शिक्षा का खूब प्रचार-प्रसार किया जाए।

# पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, पूरी निष्ठा से निभाऊंगा: दीपक दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड-68 स्थित ईश्वर कॉलोनी में रहने वाले दीपक दहिया को चांदनी चौक जिला से ओबीसी मोर्चा में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसके बाद दीपक दहिया ने जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास दिखाते हुए दायित्व सौंपा है, मैं उस दायित्व को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाउंगा जैसे पहले भी लोगों की सेवा करता आया हूं वैसे ही मैं लोगों की सेवा करता रहूंगा। दीपक दहिया ने कहा कि जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कभी भी पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता के साथ भेदभाव नहीं किया है, और वह सभी को साथ लेकर चलते है। मैं हमारे जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करता हूं।
**पार्टी की नीति पानी की तरह है साफ:** दहिया ने कहा कि भाजपा की नियत और नीति दोनों ही पानी की भांति साफ है। हमारी पार्टी में कोई भी नेता किसी भी दर्जे पर हो वह किसी भी कार्यकर्ता में कोई भेदभाव नहीं करते है।

# शालीमार गांव में सरस्वती पूजा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव के गली नंबर-7 में मां सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, भैरव, गोविंद पासवान, पुनीत नागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने बताया कि सरस्वती पूजा मां सरस्वती, विद्या और कला की देवी की पूजा है। सरस्वती पूजा भारत के विभिन्न हिस्सों में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। सरस्वती पूजा का आयोजन वसंत पंचमी के दिन किया जाता है। उन्होंने आगे बताया



कि इस दिन विद्यालयों, कॉलेजों और विभिन्न संगठनों में सरस्वती मां की मूर्तियों की पूजा की जाती है। श्री चौधरी ने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से मां सरस्वती की पूजा करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह फैला गंदा पानी, लोग परेशान, प्रशासन मस्त: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इन** तस्वीरों में नाले के गंदे बदबूदार पानी से लबालब भरी दिखाई दे रही सड़कें किसी दूर-दराज के क्षेत्र की नहीं देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र की हैं। बुराड़ी में घुसते ही आपका स्वागत मेन रोड़ पर भरे इस गंदे बदबूदार और कीचड़युक्त जल जमाव से होगा। ऐसा नहीं है कि इस समस्या को लेकर कभी पीडब्ल्यूडी, क्षेत्रीय विधायक, क्षेत्रीय निगम पार्षद या मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल को शिकायत न दी गई हो। लेकिन शासन-प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी से यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। उक्त बातें करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताई।
उन्होंने आगे बताया कि इस समस्या के निदान के लिए संबंधित विभागों में पूर्व में कई बार शिकायत दे चुके है। करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने आगे यह भी बताया कि महामहिम उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री





केजरीवाल से लेकर दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री, क्षेत्रीय विधायक संजीव झा, क्षेत्रीय निगम पार्षद अनिल त्यागी और संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियो तक को कई-कई बार पत्र लिख चुका हूं। लेकिन समस्या जस की तस है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से नाले के गंदे पानी का जल जमाव होता आ रहा है। जिसके चलते सड़क के लेबल में आ चुके मकानों और दुकानों में अक्सर यह गंदा पानी भरना आम बात हो चुकी है। आम नागरिको का पैदल तक निकलना दुर्भर हो रहा है। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे बच्चो और बुजुर्गो को होती है। महिलाएं और बुजुर्ग बिना रिक्शा किए निकल ही नहीं सकते। इस कीचड़युक्त पानी के जमाव से सर्दी में भी मच्छरों का प्रकोप देखा जा सकता है।
उन्होंने आगे बताया कि यही नहीं हमारे बुराड़ी क्षेत्र में एक दिन छोड़कर एक दिन जलबार्ड के पीने के पानी की सप्लाई होती है। देखभाल के अभाव और पुराने होने के कारण जगह-जगह से लीक हो चुकी जलबोर्ड की पाइप लाइन में यही गंदा और कीचड़ भरा पानी भर जाता है और सप्लाई वाले दिन पीने के पानी के साथ नल के रास्ते लोगों के घरों तक पहुंचता है। इस कारण लोगो को मजबूरी में बोतल वाला पानी खरीदकर पीना पड़ता है। जो गरीब व मजबूर लोग पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं, उन लोगों को इसके प्रयोग से पेट से जुड़ी और चमड़ी की संक्रमण वाली बीमारियां फैलना आम बात हो चुकी है।
उन्होंने आगे बताया कि मेन रोड़ पर नाले का पानी भर जाने से इलाके के दुकानदारों के व्यापार पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्राहक गन्दगी के कारण आने से कतराने लगे हैं। जिस कारण दुकानदारों में काफी रोष है।
कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि अखबार के माध्यम से उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, संबंधित सरकार के सभी नुमाइंदों और अधिकारियों तक यह संदेश देना चाहता हूं कि जल्द से जल्द इस समस्या से मुक्ति दिलाने का कार्य किया जाए ताकि आम लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति विश्वास कायम हो सके और इस भयंकर रूप लेती जा रही परेशानी से निजात मिल सके।

# जेईई मेन्स में गुरुकुल का ऐतिहासिक रिजल्ट, 7 छात्रों के 99 प्लस परसेंटाइल

## 41 छात्रों ने हासिल किये 90प्लस परसेंटाइल, राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जेईई मेन्स की लिखित परीक्षा में इस बार गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों का ऐतिहासिक रिजल्ट रहा, गुरुकुल के 7 छात्रों ने 99प्लस तथा 9 छात्रों ने 98 प्लस परसेंटाइल हासिल किये हैं। गुरुकुल के 41 छात्र ऐसे है जिनके 90प्लस परसेंटाइल आए हैं। जेईई मेन्स के शानदार रिजल्ट को लेकर गुरुकुल परिसर में उत्साह का माहौल है। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सुबे प्रताप तथा व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने शानदार रिजल्ट पर सभी छात्रों को लड्डू खिलाकर बधाई दीं। इस अवसर पर हवलदार अशोक चौहान, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने भी जेईई मेन्स में सफल छात्रों को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) में दाखिले हेतु जेईई-मेन परीक्षा में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के देव्यांश ने 99.8, आयुष राज ने 99.5, गौरव राज ने 99.4, रिक्की हरी ने 99.3, मानव ने 99.18, आदित्य कुमार ने 99.12 तथा उत्कर्ष ने 99 प्लस परसेंटाइल हासिल कर गुरुकुल का गौरव बढ़ाया है। वहीं मनीष कुमार, अन्श, विश्वदीप, रीतिक राज, रौनक भारद्वाज, अर्जुन, केशव, अनुराग तथा दक्ष शर्मा ने 98 प्लस परसेंटाइल प्राप्त किये। गुरुकुल के कुल 41 छात्रों ने जेईई-मेन्स में 90प्लस परसेंटाइल हासिल कर सफलता की नई इबारत लिखी है। डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा ही नहीं वरन् देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान है जहां विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ नैतिक शिक्षा और संस्कारों का पाठ भी पढ़ाया जाता है। जेईई मेन्स में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र लगातार उम्दा प्रदर्शन कर रहे है जिससे दूसरे छात्रों को प्रेरणा मिलती। उन्होंने कहा कि हर वर्ष गुरुकुल के छात्र एनडीए, आईआईटी, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर गुरुकुल की ख्याति बढ़ा रहे हैं जो आचार्यश्री के ओजस्वी मार्गदर्शन का प्रतिफल है।



# इस शहर की मुख्य सड़कों पर है गंदे जलभराव की समस्या...

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**स्थानीय** प्रशासन इस तरफ गंभीरता दिखाने को नही है तैयार। खरखौदा शहर में दूषित पानी की समस्या इतनी है कि वह कम होने का नाम नहीं ले रही है। शहर की मुख्य सड़क पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण आम राहगीर तो परेशान है ही साथ ही जिन लोगों ने मुख्य सड़कों पर दुकान की हुई है वह आर्थिक मंदी की मार लंबे समय से झेल रहे हैं। कारण है दुकानों के आगे जमा गंदे पानी के कारण ग्राहक का दुकान पर ना आना। इसके साथ ही उन लोगों को भी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ रहा है जिनके घर मुख्य मार्ग पर है, घरों से बाहर आवाजाही करने में वह परेशानी उठा रहे हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन है कि इस तरफ ध्यान देने को तैयार नहीं है। आपको बताते चले कि खरखौदा शहर के थाना कलां मार्ग, रोहतक मार्ग, सोनीपत मार्ग के साथ ही दिल्ली मार्ग यह चार मुख्य मार्गों में शुमार हैं और इन्हीं पर सबसे ज्यादा पानी निकासी ठप पड़ी हुई है। शहर के कोई भी मुख्य मार्ग ऐसा नहीं है कि यहाँ पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी ना उठानी पड़ रही हो। लेकिन स्थानीय प्रशासन इस तरफ गंभीरता दिखाने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि कई-कई जगहों के नाले तो बीते छह माह से ज्यादा समय से साफ नहीं किए गए हैं। जिसके कारण गलियों से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य नालों जाने की बजाए सीधा सड़क पर ही पहुंच रहा है। वही यहाँ का प्रसाशन है कि आँखे मूंदे बैठा है।



## संक्षिप्त खबरें

### 37वें दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्यातिथिः डॉ धर्म पाल



**पानीपत/कमाल हुसैनः** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने बताया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 20 फरवरी, 2024 को इग्नू मुख्यालय एवं 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केन्द्र करनाल भी शामिल है। इग्नू के 37वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। डॉ धर्म पाल ने बताया कि जो विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2022 एवं जून 2023 में अपना कार्यक्रम पूर्ण कर चुके है वें 37वें दीक्षांत समारोह के लिए अपना पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया की लगभग 300000 (तीन लाख) प्रतिभागियों को उपाधि ( डिग्री/ सर्टिफिकेट) प्रदान की जाएगी। जिसमें क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 20000 (बीस हजार) प्रतिभागी उपाधि (डिग्री/ सर्टिफिकेट) लेने के लिए पात्र है । इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में डॉ मनोहर लाल छाबड़ा, निदेशक, गन्ना प्रजनन संस्थान, करनाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में केवल 250 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया जायेगा बाकि सभी विद्यार्थियों को डिग्री डाक द्वारा उनके पते पर भेजी जाएगी।

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**गन्नौरः** रौशनपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल चल रहे अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सन्नी पासवान निवासी गांव रहीयार, तहसील रोसरी, जिला समस्तीपुर, बिहार ने बताया कि वह हाल में वह गांव रोशनपुर में खेत में रहता है। वह उसके पिता मेहनत मजदूरी करते थे। 13 फरवरी को वह और उसके पिता तवरखी पासवान उर्फ जयकांत पुत्र गन्नौर अड्डे से वापिस गांव रोशनपुर की तरफ आ रहे थे। रोशनपुर गांव के पास जीटी रोड की तरफ से तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसके पिता को सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक अपनी मोटरसाइकिल को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। जब वह अपने पिता को इलाज के लिए उपमंडल अस्पताल ले जा रहा था तो रास्ते में उसके पिता ने दम तोड़ दिया। बड़ी थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेने के बाद सन्नी पासवान की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मोटरसाइकिल चालक की तलाश कर रही है।

### रौनक पब्लिक स्कूल के प्री- प्राइमरी विंग में धूमधाम के साथ त्यौहार मनाया



**गन्नौर।** वसंत पंचमी का त्योहार रौनक पब्लिक स्कूल के प्री– प्राइमरी विंग में धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल के मैदान में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर पतंगबाजी की गई। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी पतंग उड़ाने का लुत्फ उठाया। इसके अलावा कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है। आदिकाल से ही मां सरस्वती की पूजा होती चली आ रही है। आज ज्ञान के मंदिर में यह पूजा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। बच्चों को पूरी लगन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। इस मौके पर स्कूल की शिक्षक कुलदीप कौर, रुपिंदर कौर, मोनिका, अंजू यादव, पूजा भारद्वाज, मीना, नमिता, रजनी तथा खेल प्रशिक्षक गुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# चाकू से सिर पर हमला कर युवक को किया घायल

**गन्नौर।** गुमड़ गांव में एक युवक ने गांव के ही एक युवक के सिर पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अब घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गुमड़ गांव के विनोद ने बताया कि 12 फरवरी को वह अपनी कार में अपने दोस्तों सचिन, संदीप, साहिल को छोड़ने गया था। जब वह गढी वाली चौपाल के पास पहुंचा तो उसके गांव का मोहित उर्फ गोली ने उसकी कार को रुकवाया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। जब वह कार से उतरा तो मोहित ने चाकू से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

# भाजपा के जिला पदाधिकारियों की कार्यशाला का किया आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
भारतीय जनता पार्टी के मुख्य कार्यालय में भाजपा के जिला पदाधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया । गॉव चलो अभियान के जिला संयोजक देव मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया और जिला स्तर पर संगठन के कार्यो से सभी पदाधिकारियों को अवगत करायो कार्यशाला को एडवोकेट रोशन लाल माहला, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, सचिव सुभाष कुहाड़, सरदार तेजबीर बिट्ठू, राजेंदर हल्दाना, डॉ. हेमा रमन और अनिल मदान ने भी संबोधित किया।



भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि संगठन में अद्भुद शक्ति होती है संगठन की सफलता से ही सरकार का गठन होता है। हमारे लिए यह गर्व और गौरव की बात है कि हम विश्व की सबसे विशाल राजनीतिक पार्टी के सदस्य है जिसका राष्ट्र प्रथम, देश भक्ति और राष्ट्रवाद ही मूल सिद्धांत है । उन्होंने कहा कि सरकार के 50 सरकारी विभागों की 671 योजनाए और सेवाए ऑनलाइन सिस्टम सरल पोर्टल के माध्यम से लोगो तक पहुंचाई जा रही हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे रेवाड़ी जिला के मनेठी माजरा गाँव में विकसित भारत झ विकसित हरियाणा नाम की विशाल रैली को संबोधित करेंगे इस अवसर पर एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखेंगे ।

**सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा रैली का सीधा प्रसारणः** पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के सब्जी मंडी सनोली रोड पर, पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय से. 18, इसराना अनाज मंडी और समालखा अनाज मंडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का सीधा प्रसारण किया जाएगा । इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक सम्मान भी इसी पार्टी में दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी अपनी पार्टी की अपेक्षाओ से अधिक कार्य करते हुए अपनी पहूच बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख तक बनाये और सप्ताह में एक बार बूथ अध्यक्ष से परामर्श कर जन अपेक्षाओ का आंकलन अवश्य करे कार्यशाला में जिला के सभी जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में प्राण रत्नाकर, डॉ. हेमा रमन, अनिल मदान, ज्योति कुराडिया, सरदार तेजबीर बिट्ठू, राजेंदर हल्दाना प्रमोद शर्मा भी मौजूद रहे ।

# यामिनी को स्वर्ण पदक हासिल करने पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्री जयराम महिला कालेज ऑफ एजुकेशन की बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा यामिनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग महिला टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर छात्रा यामिनी और खेल प्राध्यापिका बबीता शर्मा को देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने सम्मानित किया। इस मौके पर श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा, निदेशक एस.एन. गुप्ता , श्रवण गुप्ता, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद, कोच जगमिंदर, पूनम शर्मा एवं अन्य शिक्षण स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने समारोह में छात्रा को सम्मानित करने के साथ कालेज की सभी प्राध्यापिकाओं को भी शुभकामनाएं दी।



# थेलिसेमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर 18 फरवरी को

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** भारत विकास परिषद की कर्ण शाखा करनाल,रास रेजीडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थेलिसेमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रास रेसिडेंसी, नजदीक हेरिटेज लॉन, सेक्टर 35, करनाल में किया जाएगा। शिविर के संयोजक कपिल किशोर, सुरेश हिंदुजा, सोनिया मेहता, अनिल मदान, अनीश अरोड़ा, नरेश अरोड़ा और राकेश हंस ने बताया कि 18 साल से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। सभी

# खेल महोत्सव में आयोजित 100 मीटर रेस में जय ने जीता स्वर्ण

## प्रतियोगिता के विजेताओ को मेडल पहना कर निदेशक संजय नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सुनील नागपाल, संजय नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक को सलामी देते हुए विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। इसके बाद 100 मीटर, 200 मीटर रेस, रिले रेस, लेमन रेस ,बोतल रेस, लांग जंप, बन्नी रेस, म्यूजिकल रेस, शाट पुट, थ्री लैग रेस प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कक्षा नर्सरी की बन्नी रेस में माधव ने स्वर्ण, सात्विक ने रजत व तनिष्क ने कांस्य पदक जीता। लेमन रेस में दूसरी कक्षा के पार्थ ने स्वर्ण, पार्थिव ने रजत और वीरेन ने कांस्य पदक जीता। थ्री लैग रेस में खनक और मान्या ने स्वर्ण, आराध्या व यशिका ने रजत और हिमांशी व सानिया ने कांस्य पदक जीता। 100 मीटर रेस में कक्षा नौवीं के जय ने स्वर्ण, रेहान ने रजत व दिव्यांश ने कांस्य पदक जीता। शाट पुट में ग्यारहवीं कक्षा के उदय, आदित्य व नमन ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीता। लड़कियों की रिले रेस में सातवीं कक्षा की पलक्षी, मन्नत और वंशिका ने स्वर्ण, नौवीं कक्षा की परी, हिमांशी और आदित्य ने स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय निदेशक सुनील नागपाल व रीटा नागपाल ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

**सम्मान**

**8 विद्यालय सुनील नागपाल, संजय नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक को सलामी देते हुए विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया**

# खाटू धाम आहुलाना में बसन्त पंचमी पर उमड़ी भीड़

## माँ सरस्वती की पूजा करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है : सचिन पंडित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खाटू श्याम मंदिर आहुलाना धाम में बसंत पंचमी** का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर परिवार व संसार की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। खाटू श्याम धाम के पुजारी सचिन पंडित ने श्रद्धालुओं को मां सरस्वती की पौराणिक कथा सुनाकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के दिन व्रत करने व कथा सुनने वाले भक्तों को मां सरस्वती की असीम कृपा प्राप्त होती है। पुजारी ने कहा कि बसंत पंचमी का त्यौहार मां सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है इस दिन मां सरस्वती अवतरित हुई थीं। उन्होंने बताया कि माता शारदा के पूजन के लिये भी बसंत पंचमी का दिन विशेष शुभ रहता है। इस दिन 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को पीले-मीठे चावलों का भोजन कराया जाता है तथा उनकी पूजा की जाती है । मां शारदा और कन्याओं का पूजन करने के बाद पीले रंग के वस्त्र और आभूषण कुमारी कन्याओ, निर्धनों व विप्रों को देने से परिवार में ज्ञान, कला व सुख -शान्ति की वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त इस दिन पीले फूलों से शिवलिंग की पूजा करना भी विशेष शुभ माना जाता है।



**आशीर्वाद**

**8 पुजारी सचिन पंडित ने श्रद्धालुओं को मां सरस्वती की पौराणिक कथा सुनाकर भक्तों को आशीर्वाद दिया**

# चाइल्ड केयर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाई बसंत पंचमी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा गन्नौर के प्रांगण में वसंत पंचमी पर हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव प्रधानाचार्य रमेश वशिष्ठ ने यज्ञ में आहुति डाली। सभी बच्चों ने शिक्षा की देवी सरस्वती माता की पूजा कर मंत्रोच्चारण कर वातावरण को सुगंधित किया । इस मौके पर शिक्षिका नीलम ,पूनम, राखी मलिक, ज्योति पहल, पूजा त्यागी, ज्येोति रानी ,लवली ,शशि ,गीता, संगीता, कुसुम ,कोमल, रेनू, नैंसी ,साहिल, मनजीत ने आहुति डाली। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि जगबीर यादव ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के गायन, नृत्य ,कविता वादन ,भाषण आदि के माध्यमों से बसंत पंचमी के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया। हिंदी अध्यापिका पूजा ने पुलवामा हमले ने हुए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कविता गायन किया और देश हित में सैनिकों के बलिदान का महत्व बच्चो को बताया।



# विज्ञान प्रदर्शनी में एम डी स्कूल के छात्रों ने लगाई आकर्षक प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर।** बसंत पंचमी के अवसर पर एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरढ़ाणा के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी और छात्र नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई, जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मॉडल के साथ बड़े शानदार तरीके से विभिन्न प्रस्तुतियां दी सभी अभिभावकों ने इन प्रस्तुतियों को बड़ा शानदार बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बार-बार होते रहने चाहिए क्योंकि इससे बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है। कार्यक्रम को कामयाब करने के लिए प्राचार्य जोगिंदर सिंह मलिक, उप प्राचार्य अंजू मलिक, सीमा, सोनिया, देवेंद्र, सुनील आदि शिक्षकों ने सहयोग दिया।



# छात्रों ने सी.पी.एस. ओलम्पियाड के विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** ओम शांति शिक्षा सदन के छात्रों ने हिंदी व अंग्रेजी में सी.पी.एस. ओलम्पियाड में विभिन्न पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। विजेता छात्रों को पदक विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व सम्मानित किया गया। अंग्रेजी व हिंदी ओलम्पियाड की परीक्षा नवंबर माह में आयोजित हुई थी, जिसमें स्कूल के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लेखक जीवनी, बौद्धिक क्षमता प्रतियोगिता में कहानी संग्रह, उपन्यास, काव्यांश से संबोधत, अंग्रेजी विषय में अपने ज्ञान व बुद्धिमत के प्रश्न पूछे गए। अंग्रेजी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्कूल के 23 छात्रों ने स्वर्ण पदक, रजत पदक और 7 कास्य पदक व हिंदी विषय में 1 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक व 11 कांस्य पदक जीते। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागी छात्रों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि राई ब्लॉक में ओम शांति स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अवसर दिए जाते है। इसी का परिणाम है कि छात्र अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते है। निदेशक योगराज ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।



GOVT. OF PUNJAB

# मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा


श्री अमृतसर साहिब


श्री हज़ूर साहिब


श्री पटना साहिब


श्री आनंदपुर साहिब


माता नैना देवी जी


श्री वृंदावन धाम


माता वैष्णो देवी जी


माता ज्वाला जी


वाराणसी


माता चिन्तपुर्णी जी



श्री खाटू श्याम जी, श्री सालासर धाम


ख़्वाजा अजमेर शरीफ़ दरगाह

पंजाब के पुत्र

## भगवंत सिंह मान

मुख्य मंत्री

के प्रयासों के स्वरूप अब तक

## 20,000 से अधिक

## बुज़ुर्गों ने किए दर्शन



भगवंत सिंह मान
मुख्य मंत्री, पंजाब

परिवहन विभाग, पंजाब